शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 164 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 10 जुलाई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# प्रधानमंत्री मोदी को रूस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

## पुतिन ने वहां के सबसे प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल द फर्स्ट-कॉल से सम्मानित किया





**नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी को मंगलवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने वहां के सबसे प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल द फर्स्ट-कॉल से सम्मानित किया । इस सम्मान को दिए जाने की घोषणा 2019 में की गई थी। सम्मान को प्राप्त करने के बाद आभार प्रकट करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ये सिर्फ उनका नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। यह भारत और रूस की पुरानी और गहरी दोस्ती और आपसी विश्वास का सम्मान है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के संबंध पूरी दुनिया के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक माहौल के संदर्भ में भारत-रूस साझेदारी अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। दोनों देशों का मानना है कि वैश्विक स्थिरता और शांति के लिए निरंतर प्रयास किये जाने चाहिए। आने वाले समय मेंहम इस दिशा में मिलकर काम करेंगे।रूसी राष्ट्रपति के दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने में योगदान को उल्लेखित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले ढाई दशकों में उनके कारण भारत-रूस संबंध सभी दिशाओं में मजबूत हुए हैं और इन्होंने हर बार नई ऊंचाइयों को छुआ है। दोनों देशों के बीच रणनीतिक संबंधों की उनके द्वारा रखी गई नींव समय के साथ और मजबूत हुई है। राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि वे प्रधानमंत्री मोदी के अच्छे स्वास्थ्य और सफलता और भारत के मैत्रीपूर्ण लोगों के लिए शांति और समृद्धि की कामना करते हैं। पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा दोनों देशों के बेहतर संबंधों की वकालत की है। गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने अपने राज्य को रूसी क्षेत्र के साथ जोड़ने की पहल की थी। 10 वर्षों तक भारत सरकार के शीर्ष पद पर रहते हुए उन्होंने वास्तव में रूसी-भारत संबंधों को एक विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने का

## तीसरे कार्यकाल में विकास की इस गति को तीन गुना बढ़ाएंगे



**नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूस की राजधानी मास्को में भारतवंशियों के बीच कहा है कि पिछले 10 वर्षों में भारत ने विकास की रफ्तार पकड़ी है। इसे देखकर दुनिया भी कहने लगी है कि भारत बदल रहा है।प्रधानमंत्री मोदी ने मास्को में भारतीय समुदाय को संबोधित किया है। उन्होंने कहा, भारत को हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी करने में केवल एक दशक लगा। भारत को 40 हजार किलोमीटर से अधिक रेलवे लाइनों का विद्युतीकरण करने में केवल एक दशक लगा। इससे दुनिया को हमारे देश की क्षमता का एहसास होता है। इससे दुनिया को विश्वास होता है कि 'भारत बदल रहा है'। प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को मास्को में भारतीय समुदाय की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद रूस की अपनी पहली द्विपक्षीय यात्रा में प्रधानमंत्री ने भारतीय समुदाय के सामने अपनी सरकार की प्राथमिकता और प्रतिबद्धता बताई। राष्ट्रपति पुतिन के साथ अपनी दोस्ती का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 सालों में वह छह बार रूस आए हैं और 17 बार राष्ट्रपति पुतिन से मिले हैं।

## शांति सर्वोपरि- आतंक का दर्द हम जानते हैं: पीएम मोदी

**नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री नेरन्द्र** मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ क्रेमलिन मेंशिखरवार्ता के दौरान कहा कि ऊर्जा, खाद्य पदार्थ और ऊर्वरक आदि मामलों में दोनों देशों के बीच सहयोग के कारण भारत में इन पदार्थों की किल्लत नहीं हुई तथा रूस से कच्चे तेल के आयात के कारण विश्व अर्थव्यवस्था में भी स्थायित्व कायम हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी दो दिवसीय मास्को यात्रा के दूसरे दिन राष्ट्रपति पुतिन के साथ अकेले और बाद में प्रतिनिमंडल स्तर पर द्विपक्षीय और वैश्विक मामलों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने आतंकवाद के ताजा खतरे का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले 40-50 वर्षों से भारत आतंकवाद को झेल रहा है।

## "बालक बुद्धि' सिर्फ बीमार त्रासदी पर्यटन में व्यस्त: बीजेपी

**नई दिल्ली**
लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के मणिपुर दौरे को लेकर भाजपा नेता अमित मालवीय ने उन पर कटाक्ष किया। उन्होंने 'बालक बुद्धि' पर त्रासदी पर्यटन में व्यस्त होने का आरोप लगाया। मालवीय ने एक्स पर पोस्ट में कहा, "मणिपुर में जातीय संघर्ष कांग्रेस की विरासत है। कांग्रेस के सत्ता में रहने के दौरान दशकों तक राज्य में नागरिकों, पुलिस और सेना के जवानों की हत्या होती रही है।"

**मणिपुर हिंसा को लेकर लगाया आरोप**
भाजपा नेता ने कहा, "1990 में 300 लोग मारे गए। 1993 में 1,100 लोग मारे गए। 1997 में 400 लोग मारे गए। 2001 में 95 लोग मारे गए। 2003 में 140 लोग मारे गए। 2006 में 105 लोग मारे गए। 2008 में 200 लोग मारे गए। 2010 में 220 लोग मारे गए और 2012 में 165 लोग मारे गए।"

## सिख फॉर जस्टिस पर पांच साल के लिए प्रतिबंध बढ़ा

**नई दिल्ली**
केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सिख फॉर जस्टिस पर अगले पांच सालों के लिए प्रतिबंध को बढ़ा दिया है। संगठन पर 2019 पर देश विरोधी गतिविधियों के चलते प्रतिबंध लगाया गया था। गृह मंत्रालय के अनुसार संगठन पंजाब और देश के अन्य भागों में चरमपंथ और आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देकर भारत से अलग एक खालिस्तान बनाना चाहता है। संगठन पर अलगाववादियों को मदद पहुंचाने का आरोप है।

## मोहन लाल बडौली बनाए गए भाजपा के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष

**नई दिल्ली**
हरियाणा में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश की बागडोर मोहन लाल बडौली के हाथ में सौंपी है। मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने विधायक मोहन लाल बडौली को भारतीय जनता पार्टी हरियाणा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है।

## हाथरस हादसा: एक्शन में मुख्यमंत्री योगी



### दो सदस्यीय जांच समिति ने सौंपी जांच रिपोर्ट, कहा, साजिश से इंकार नहीं, गहन जांच की जरूरत, आयोजकों की लापरवाही से हुआ हाथरस हादसा

**लखनऊः** जनपद हाथरस के सिकन्दराराऊ में बीते 02 जुलाई को सत्संग के दौरान घटित हादसे के तत्काल बाद गठित एडीजी जोन आगरा और मंडलायुक्त अलीगढ़ की एसआईटी ने 02, 03 और 05 जुलाई को घटना स्थल का निरीक्षण किया था। जांच के दौरान कुल 125 लोगों का बयान लिया गया, जिसमें प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ आम जनता एवं प्रत्यक्षदर्शियों का बयान भी लिया गया। इसके अलावा, घटना के संबंध में प्रकाशित समाचार की प्रतियां, स्थलीय विडियोग्राफी, छायाचित्र, विडियो क्लिपिंग का संज्ञान लिया गया। जांच समिति की आख्या के प्रमुख बिंदु इस प्रकार हैं।

एसआईटी ने प्रारंभिक जांच में चश्मदीद गवाहों व अन्य साक्ष्यों के आधार पर हादसे के लिए कार्यक्रम आयोजकों को मुख्य रूप से जिम्मेदार माना है। जांच समिति ने अब तक हुई जांच व कार्यवाही के आधार पर हादसे के पीछे किसी बड़ी साजिश से भी इंकार नहीं किया है और गहन जांच की जरूरत बताई है।

## हाथरस भगदड़ मामले की सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार



**नई दिल्ली**
उत्तर प्रदेश के हाथरस में हुई भगदड़ मामले की सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार हो गया है। आज याचिकाकर्ता विशाल तिवारी ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष मेंशन करते हुए तत्काल सुनवाई की मांग की। चीफ जस्टिस ने इस पर जल्द सुनवाई का आदेश दिया। याचिका में 2 जुलाई को हाथरस में हुई घटना की जांच की मांग करते हुए घटना के लिए जिम्मेदार लोगों और अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। याचिका वकील विशाल तिवारी ने दायर की है। याचिका में इस घटना की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में पांच सदस्यों की कमेटी बनाए जाने की मांग करते हुए इस मामले में यूपी सरकार से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने की मांग की गई है। याचिका में ऐसे आयोजनों के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की गई है। उल्लेखनीय है कि हाथरस में भोले बाबा उर्फ सूरजपाल के सत्संग के दौरान मची भगदड़ में सौ से ज्यादा लोगों की मौत और 25 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। इस मामले में हाथरस जिला पुलिस ने सत्संग कार्यक्रम के मुख्य सेवादार देवप्रकाश मधुकर और अन्य आयोजकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

## तमिलनाडु की पहली आदिवासी लड़की ने एनआईटी में एडमिशन लेकर रचा इतिहास

**तरुचिरापल्ली**
**तमिलनाडु** में तिरुचिरापल्ली जिले की 18 साल की एक आदिवासी लड़की ने एनआईटी में एडमिशन लेकर गर्व का काम किया है। बता दें कि ये राज्य की पहली आदिवासी महिला हैं, जिन्होंने ठक्ळ में एडमिशन लिया है। लड़की का नाम एम रोहिणी है, रोहिणी ने जेईई मेन परीक्षा में 73.8% अंक हासिल किए हैं और उन्हें एनआईटी के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग में सीट मिल गई है। रोहिणी ने पढ़ाई में मदद करने के लिए अपने शिक्षकों को भी धन्यवाद दिया है।

## राहुल से मिलीं शहीद अंशुमान की मां, कहा- बंद की जाए अग्निवीर योजना



**रायबरेली**
**बलिदानी** कैप्टन अंशुमान सिंह के माता-पिता ने मंगलवार को रायबरेली दौरे पर पहुंचे कांग्रेस सांसद व नेता विपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। बलिदानी की मां मंजू सिंह ने राहुल से अग्निपथ योजना बंद करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह योजना कतई सही नहीं है। उनके पति भी सेना से सेवानिवृत हुए। सेना में ऐसा नहीं होना चाहिए कि चार साल में ही किसी को रिटायर कर दिया जाए, बल्कि सैनिकों की सुविधाएं बढ़ाई जानी चाहिए। उन्होंने इस बात पर संतोष जताया कि पहले के मुकाबले सैनिकों को अधिक पैसे और सुविधाएं मिल रही हैं। हाल ही में राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में 26वीं बटालियन आर्मी मेडिकल कोर के अंशुमान सिंह को मरणोपरांत कीर्ति चक्र प्रदान किया गया था। उनकी मां व पत्नी ने सम्मान ग्रहण किया था। मूलरूप से देवरिया निवासी मंजू सिंह ने बताया कि समारोह में उन्होंने राहुल गांधी से मिलने की इच्छा जताई थी। उन्होंने कहा कि सदन में उनके भाषण से वह प्रभावित थीं, इसीलिए वह उनसे मिलना चाह रही थीं। राहुल ने जल्द मुलाकात करने का वादा किया था। राहुल गांधी ने उनसे कहा है कि अग्निपथ योजना समाप्त करने के लिए जो बन पड़ेगा, वह करेंगे। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से भी बात करेंगे। मंजू सिंह ने कहा कि राहुल अगर आगे उस ओहदे पर बैठेंगे या विपक्ष में भी रहेंगे तो निश्चित तौर पर अग्निपथ योजना के लिए कुछ करेंगे। राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी लगातार कुछ न कुछ सकारात्मक कर रहे हैं। अंशुमान बड़े बेटे थे, उन पर बड़ी जिम्मेदारी थी। दुख इस बात का है कि वह इस समय छोड़कर गए जब हमें उनकी सबसे अधिक जरूरत थी। अंशुमान के पिता भी फौज में रहे हैं, उस समय बहुत अधिक तनख्वाह नहीं रहा करती थी, हमने उस दौर में उन्हें पढ़ाया-लिखाया। अंशुमान के पिता रविप्रताप ने बताया कि राहुल गांधी ने सांत्वना दी और कहा कि आपके साथ पूरा देश है। इससे पहले सुबह राहुल गांधी को फुरसतगंज हवाई अड्डे पर उतरना था, लेकिन वह लखनऊ एयरपोर्ट उतरे और सड़क मार्ग से अपने संसदीय क्षेत्र के लिए रवाना हुए।

## नए आपराधिक कानून पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की चिंताओं को स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया निराधार

**नई दिल्ली**
**नए आपराधिक** कानून भारतीय न्याय संहिता पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की चिंताओं को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने निराधार बताया है।स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक नए आपराधिक कानून के तहत लापरवाही से मौत की सजा में कोई बदलाव नहीं किया गया है। कुछ मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 106(1) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगा लेकिन इस धारा के तहत चिकित्सा के दौरान एक पंजीकृत चिकित्सक की लापरवाही से किसी मरीज की मृत्यु होने पर जुमार्ने के साथ दो साल की सजा हो सकती है। किसी भी व्यक्ति (चिकित्सकों सहित) द्वारा लापरवाही से मौत का कारण बनने पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 304 ए के तहत 2 साल तक की कैद या जुर्माना हो सकता है।

## जवानों की शहादत का बदला लिया जाएगा: भारत



**नई दिल्ली**
जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में 8 जुलाई को हुए आतंकी हमले को लेकर अब सरकार की ओर से बड़ा बयान आया है। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने मंगलवार को कहा कि पांच सैन्यकर्मियों की हत्या का बदला लिया जाएगा और भारत इसके पीछे की बुरी ताकतों को हरा देगा।

**रक्षा सचिव का आतंकियों को कड़ा संदेश**
हमले के बाद रक्षा सचिव ने एक कड़ा संदेश दिया और कहा, 'मैं कठुआ के बदनोटा में हुए आतंकवादी हमले में पांच बहादुरों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त करता हूं और शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। राष्ट्र के लिए उनकी निस्वार्थ सेवा को हमेशा याद रखा जाएगा और उनके बलिदान का बदला लिया जाएगा। भारत इस हमले के पीछे की बुरी ताकतों को हराएगा।' यह टिप्पणी रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में साझा की।

**5 जवान हुए थे शहीद**
रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी सैनिकों की हत्या पर गहरा दुख व्यक्त किया। बता दें कि 8 जुलाई को जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में आतंकियों के हमले में जूनियर कमीशंड ऑफिसर समेत 5 जवान शहीद हो गए थे। वहीं, 5 घायल जवानों को पठानकोट मिलिट्री हॉस्पिटल रेफर किया गया है। दरअसल, सभी जवान बदनोटा में पहाड़ी इलाके में पेट्रोलिंग के लिए निकले थे। एक तरफ खाई होने के कारण गाड़ी की स्पीड भी धीमी थी जिसका फायदा आतंकियों ने उठाया।

## समलैंगिक शादी पर खुली अदालत में सुनवाई करने से इनकार



**नई दिल्ली**
समलैंगिक शादियों को कानूनी मान्यता देने से इनकार करने के सुप्रीम कोर्ट के संविधान बेंच के फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिकाओं पर मंगलवार को खुली अदालत में सुनवाई की मांग की गई। याचिकाकताओं की ओर से वकील एनके कौल ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष मेंशन करते हुए कहा कि समलैंगिक विवाह के फैसले को चुनौती देने वाली पुनर्विचार याचिका पर खुली अदालत में सुनवाई की जाए। कोर्ट ने कहा कि हम देखते हैं। मेंशनिंग के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि आप संविधान बेंच के फैसले पर खुली अदालत में सुनवाई चाहते हैं। दरअसल समलैंगिक विवाह मामले में सुप्रीम कोर्ट में दाखिल पुनर्विचार याचिका पर बुधवार (10 जुलाई) को इन चैंबर सुनवाई होनी तय है, जबकि याचिकाकर्ता खुली अदालत में सुनवाई चाहते हैं। पांच जजों की संविधान बेंच में चीफ जस्टिस के अलावा जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस हीमा कोहली, जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस पीएस नरसिम्हा शामिल हैं। 17 अक्टूबर 2023 को सुप्रीम कोर्ट की संविधान बेंच ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देने से इनकार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि स्पेशल मैरिज एक्ट में बदलाव करने का अधिकार केवल संसद के पास है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि समलैंगिक साथ रह सकते हैं लेकिन विवाह को मान्यता नहीं दी जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया था कि एलजीबीटीक्यू समुदाय के साथ भेदभाव रोकने के लिए जरूरी कदम उठाए। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर 10 दिनों तक सुनवाई की थी। सुनवाई करने वाली संविधान बेंच में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के अलावा जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस एस रवींद्र भट, जस्टिस हीमा कोहली और जस्टिस पीएस नरसिम्हा शामिल थे। 13 मार्च 2023 को कोर्ट ने इस मामले को संविधान बेंच को रेफर किया था।

## वकील बनना है तो पढ़ाई करें...', सुनवाई के दौरान भड़क गए चीफ जस्टिस

**नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने अखिल भारतीय बार परीक्षा के लिए योग्यता अंक को कम करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया।

**वकीलों की गुणवत्ता होगी प्रभावित**
इस मामले पर सुनवाई करते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि अगर तय कट-ऑफ मार्क्स को कम किया गया तो इससे बार में भर्ती होने वाले वकीलों की गुणवत्ता प्रभावित होगी। वहीं, सीजेआई ने याचिकाकर्ताओं को और पढ़ने की बात कही।

## रेलवे ने 2026 तक 10 हजार नॉन एसी कोच यानी स्लीपर कोच बनाने का फैसला किया है

# दो साल में खत्म हो जाएगी वेटिंग की समस्या! सीट देने के लिए रेलवे ने बनाया प्लान




**नई दिल्ली**
**ट्रेनों में** कन्फर्म सीट नहीं मिलने को लेकर यात्रियों को सबसे ज्यादा परेशान होना पड़ता है। ऐसे में भारतीय रेलवे ऐसा प्लान तैयार किया है जिससे आने वाले दो सालों में ट्रेनों में वेटिंग टिकट का झंझट ही खत्म हो जाएगा। लंबी छुट्टियां हो या फिर कोई त्योहार ऐसे में यात्रियों को रिजर्वेशन और सीट मिलेगी। इसका सबसे ज्यादा फायदा नॉन एसी कोच में चलने वाले यात्रियों को होगा। क्योंकि आज भी सबसे ज्यादा लोग स्लीपर और जनरल डिब्बे में ही सफर करते हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने यह प्लान बनाया है। दरअसल, भारत में रोजाना 2 करोड़ से ज्यादा लोग ट्रेनों में सफर करते हैं। लेकिन त्योहारों और छुट्टियों के दिनों यह भीड़ दोगुनी हो जाती है। ऐसे में ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट बहुत बढ़ जाती है। इसके अलावा सामान्य दिनों में भी ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट बनी रहती है। इसलिए रेलवे ने 2026 तक 10 हजार नॉन एसी कोच यानी स्लीपर कोच बनाने का फैसला किया है। साथ ही 5000 जनरल डिब्बे भी ट्रेनों में लगाए जाएंगे। इससे यात्रियों को सहूलियत होगी और वेटिंग टिकट की परेशानी भी खत्म हो सकेगी। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि नए कोच बनाने का पीछे का मकसद केवल एक ही है कि आम लोगों को ट्रेनों में कन्फर्म सीट मिले और उनकी यात्रा आरामदायक हो सके। आने वाले दो साल में एसी और नॉन एसी कोचों की कुल संख्या में 22 फीसदी की वृद्धि की जाएंगी।

भारतीय रेलवे को चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 4,485 नॉन एसी कोच तैयार करने का प्लान है। अगले वित्त वर्ष 2025-26 में भी 5,444 नॉन एसी कोच बनाए जाएंगे। कोचों को जोड़ने के बाद ट्रेनों में 72,000 सीटों की संख्या बढ़ जाएगी, जिससे वेटिंग टिकट की समस्या भी खत्म हो सकती है। इसके अलावा रेलवे ने 5,300 जनरल कोच लगाने की भी तैयारी कर ली है। इसका फायदा बिना रिजर्वेशन चलने वालों को यात्रियों को होगा। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि इसी साल रेलवे ने 2,605 जनरल कोच बनाने की तैयारी है।

इनमें यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कई बदलाव किए गए हैं। इसके अलावा 1,470 नॉन एसी स्लीपर कोच, 323 सिटिंग कम लगेज रैक कोच, 32 हाई कैपेसिटी वाली पार्सल वैन, 55 पैंट्री कार भी तैयार करेगा।

# डिजिटल उपस्थिति में अधिकारियों और शिक्षकों में किया जा रहा है भेदभाव : मनीष तिवारी

**प्राथमिक शिक्षक संघ संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने डिजिटल उपस्थिति अनिवार्य करने एवं पूर्व की लंबित समस्याओं को लेकर विष्णु गेस्ट हाउस में किया बैठक**

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** उत्तर प्रदेश की प्राथमिक शिक्षक संघ संघर्ष समिति की एक बैठक मंगलवार को विष्णु वाटिका गेस्ट हाउस पौसिया में संघ के तहसील प्रभारी बी के मिश्र की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में प्राथमिक शिक्षक संघ मेजा के अध्यक्ष मनीष तिवारी ने कहा कि 5 जुलाई से शिक्षकों को डिजिटल उपस्थिति अनिवार्य किए जाने का एक पत्र महानिदेशक स्कूली शिक्षा के द्वारा प्रेषित किया गया है जो बिल्कुल ही अव्यवहारिक है। उन्होंने कहा कि संघ विभाग से मांग करता है कि काफी वर्षों से शिक्षकों की लंबी समस्याओं के निराकरण के लिए कई बार बैठकों में मांग पत्र प्रेषित किए गए लेकिन शासन और विभाग से आश्वासन के शिवाय कुछ भी नही मिला। उन्होंने आगे कहा शिक्षकों को पुरानी पेंशन राज्य कर्मचारियों की भांति 31 उपार्जित अवकाश , द्वितीय शनिवार अवकाश अर्ध आकस्मिक अवकाश प्रतिकर अवकाश पदोन्नति चिकित्सीय अवकाश अनुमन्य करने की मांग का कोई भी निराकरण नहीं हो पाया है बल्कि इसके उल्टा शिक्षकों से मानवीय दृष्टिकोण न रखकरके उन्हें रोबोट की भांति मानकर अव्यवहारिक नियम लागू करना चाह रहे हैं वर्तमान में प्रदेश भर में मानसून के चलते अधिकांश ग्रामीण रास्ते जल भराव से बाधित हैं कहीं-कहीं सड़के पानी में डूब गई है तो कहीं-कहीं शिक्षकों के द्वारा नाव से नदी पार करने की भी तस्वीर आ रही है और कुछ विद्यालय में भी जल भराव की स्थिति है ऐसे में शिक्षक सारी बाधाओं को पार करके विद्यालय समय से पहुंच रहा है इन कठिनाइयों में शिक्षक कभी कभार विद्यालय में विलंब से पहुंचने की संभावना बनी रहती है। इतना ही नहीं विद्यालय में जल्दी पहुंचने की होड़ में प्रत्येक माह कोई न कोई शिक्षक दुर्घटना का शिकार भी हो रहा है। फिर भी विभाग शिक्षको पर संदेह पैदा कर समाज में उनकी झूठी तस्वीर पेश करने का प्रयास कर रहा है। जबकि शिक्षक वर्षो से जो मांग कर रहा है उसमे से अधिकांश लाभ अधिकारियों और कर्मचारियों को मिल रहा है और उन लोगो की ऑन लाइन उपस्थिति नही ली जा रही है जो दोहरा माप दंड है। पदाधिकारियों ने बैठक के माध्यम से एक स्वर से कहा कि हम सभी लोग डिजिटाइजेशन का विरोध करते हैं और 11 और 12 जुलाई को ब्लॉक के सभी शिक्षकों से उनके विचार जानने और जब तक बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की भांति उपर्जित अवकाश,द्वितीय शनिवार अवकाश, अर्द्ध आकस्मिक अवकाश अनुमन्य नही किया जाएगा तब तक डिजिटिलाईजेशन किए जाने पर असहमति व्यक्त करने का हस्ताक्षर कराएंगे। बैठक का संचालन मंत्री हसीब सिद्दीकी ने किया। बैठक में हरिश्चंद्र यादव,प्रवीण द्विवेदी, वी पी सिंह,जगदीश मिश्र, प्रवीण पटेल, सुनील तिवारी रामशंकर पांडे , शशि प्रकाश मिश्र, अमित शुक्ल, संतोष तिवारी,संदीप तिवारी आशीष मिश्र सहित कई अन्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# डिजिटल अटेंडेंस पर शिक्षकों ने जताया विरोध, दी आंदोलन की चेतावनी



**करछना।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई करछना बैठक संपन्न की गई जिसमें विभाग द्वारा बिना समस्या के समाधान किया डिजिटि लाइजेशन का कार्य कराया जा रहा है जिस पर शिक्षकों की समस्या को ध्यान में रखते हुए शिक्षकों ने ऑनलाइन हाजिरी का विरोध किया है शिक्षकों की समस्या को देखते हुए सरकार से मांग की जा रही है कि युक्त का आदेश को वापस लिया जाए अन्यथा की स्थिति में संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य यह जानकारी संघ के अध्यक्ष शिव बहादुर सिंह ने दिया उक्त कार्यक्रम में मंत्री रविंद्र नाथ मिश्रा मनोज मिश्रा विनय सिंह पवन शर्मा उमेश राय जगदीश त्रिपाठी संजीव शुक्ला सभी कार्य समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ओवरब्रिज पर पिटाई से लहुलुहान युवक की उपचार के दौरान मौत

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** चार जुलाई को मोहम्मद जलील को मऊआइमा ओवरब्रिज पर मार पीट कर अधमरा कर दिया गया था।जिसमें छह नामजद पांच अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। सोमवार को देर शाम मोहम्मद जलील का एस आर एन में उपचार के दौरान मौत हो गई।शव पोस्टमार्टम के बाद गांव लेकर परिजन चले गए। मालूम हो कि चार जुलाई को प्रतापगढ़ के नर्सिंग गढ थाना रानीगंज निवासी मोहम्मद जमील 25पुत्र मोहम्मद नसीम अपने दोस्त मोहम्मद मकसूद पुत्र मोहम्मद सिद्दीक रामपुर बजहा मान्धाता प्रतापगढ़ के साथ मऊआइमा क्षेत्र में सामान खरीदने के बाद जैसे बाइक से ओवरब्रिज पर पहुंचे पहले से घात लगाकर बैठे बदमाशों ने रंजिशन मार पीट कर जलील को लहुलुहान कर दिया गया।जिसे स्वरूप रानी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोमवार को उपचार के दौरान जलील की मौत हो गई। मृतक के भाई हकीम ने मऊआइमा थाने में सरदार, अफसर, रूखसार,सरवर, महफूज सलमान तथा पांच अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। जिसपर मऊआइमा पुलिस ने सलमान पुत्र हददू रूदापुर फाफामऊ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। शेष आरोपी फरार है। बताया गया है कि पोस्टमार्टम के बाद जलील का शव जब घर नर्सिंग गढ पहुंचा तो कोहराम मच गया। मृतक शादीशुदा है अभी उसके औलाद नहीं है।वह तीन भाईयों में दूसरे नम्बर और दो बहनों में भी दूसरे पर था। इंस्पेक्टर मऊआइमा राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## लेखपाल पद पर चयनित लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आज

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश अधिनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा आयोजित लेखपाल चयन परीक्षा-2022 के आधार पर लेखपाल पद पर चयनित एवं संस्तुत लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन कल आज इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन हॉल में पूर्वान्ह 11:00 बजे से किया जायेगा। यह जानकारी मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज ने दी है।

## लेखपाल के साथ दुर्व्यवहार पर एक के विरुद्ध मुकदमा

**मऊआइमा।** नाली एवं इन्टरलाकिंग का हो रहे निर्माण पर अवरोध उत्पन्न कर लेखपाल के साथ दुर्व्यवहार पर एक के विरुद्ध लेखपाल ने तहरीर दे कर मुकदमा दर्ज करा दिया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय लहूरी में इन्टरलाकिंग और नाली का निर्माण हो रहा है। आरोप है कि गांव का एक दबंग जबरियन निर्माण कार्य में व्यवधान उत्पन्न कर हल्का लेखपाल के साथ दुर्व्यवहार किया जिसपर लेखपाल अनिल कुमार पटेल ने मऊआइमा थाने में आरोपी युवक दिनेश कुमार यादव पुत्र जगन्नाथ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# काश्तकार ने रोका मिट्टी दफनाने से तो पुलिस प्रशासन ने कराया दफन

**कोरांव के बड़ोखर में कब्रिस्तान का विवाद**

**मोहर्रम पर्व के बाद विवाद पर होगा मंथन**



**कोरांव।** कोरांव थाना क्षेत्र के बड़ोखर बाजार में स्थिति पुरानी कब्रिस्तान पर 9 जुलाई को उस समय हंगामा बरपा होने लगा जब एक वृद्ध बुजुर्ग 90 वर्षीय महिला फातिमा पत्नी मोहमद हनीफ की मृत्यु 8 जुलाई शाम को हो गई। और कब्रिस्तान में मिट्टी हेतु कबर खोदने की तैयारी होने लगी। जानकारी के मुताबिक बड़ोखर में मुद्दतो से कब्रिस्तान स्थापित हैं जहा मुर्दे दफनाए जाते हैं। जब उक्त मृतका को दफनाने की सूचना ग्राम सभा के ही कब्रिस्तान के बगल काश्तकार को हुई तो कथित रूप से कब्रिस्तान की भूमि में मिट्टी दफनाने से रोक दिया। जिससे विशेष जाति के लोग सक्षम अधिकारियों पुलिस प्रशासन को सूचित किए। मौके पर थाना प्रभारी कोरांव राकेश कुमार भारती भारी संख्या में पुलिस बल के साथ शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु पहुंच गए। इस संबंध में थाना प्रभारी ने वार्ता करके किसी तरह मामले को शांत कराया और काश्तकार ने मिट्टी दफनाने के लिए राजी हुए। चर्चा है कि उक्त कब्रिस्तान मुद्दत से कायम है। जिसमे सैकड़ों मुर्दे दफन हैं। काश्तकार ने पिलर खड़ा करवाने का कार्य किए हैं। काश्तकार का कथन है कि उक्त कब्रिस्तान मेरे निजी काश्त की भूमि में है। सवाल यह है कि इतने वर्षो से काश्तकार ने जमीन का अपना दावा क्यों नहीं किया। और मिट्टी दफनाने से क्यों नहीं रोका। जबकि नियमतः मरघट हो या कब्रिस्तान चाहे जिसकी जमीन में हो यदि स्थापित है तो उसकी नवईयत नहीं बदली जा सकती। फिलहाल यह तो अब जांच का विषय है कि उक्त कब्रिस्तान की भूमि काश्त कार की भूमि में क्यों है। या काश्त कार ने उक्त निमित्त भूमि तत्कालीन भू स्वामी ने दे दी थी या नहीं। या अब कौन ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई कि काश्तकार ने क्यों लाश गड़ने से रोका। जबकि पुलिस प्रशासन के सामंजस्य बनवाए जाने से मिट्टी मृतका की दफनाई गई मंगलवार को करीब तीन बजे तक। काश्तकार ने बड़े प्यार से मिट्टी को दफनाने दिया। चूंकि पुलिस प्रशासन के सिर पर मोहर्रम जैसे पर्व को संपन्न कराने की जिम्मेदारी है।

# न्यूज झरोखा

## बेसिक शिक्षा महानिदेशक के ऑनलाइन उपस्थिति आदेश का शिक्षकों ने विरोध जताया



**मऊआइमा।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक. शिक्षक संघ शाखा मऊआइमा मे शिक्षकों की एक बैठक आयोजित की गयी। जिसमें कार्य कारिणी सदस्य और संघर्ष समिति के सदस्यों को बुलाया गया था। जिसमें सभी ने एक स्वर में विरोध जताया। बैठक में शिक्षकों को सम्बोधित करते हुये उत्तर प्रदेश.प्रा.शि. के अध्यक्ष चिन्तामणि त्रिपाठी ने कहा कि जब तक हमारी अन्य अति महत्वपूर्ण मांगों पर विचार नहीं किया जायेगा तब तक इस आदेश का विरोध होता रहेगा ।बैठक में मंत्री मोहम्मद सफी. राममिलन, अब्बासी, जयराज सोनी विजय कुमार, यासिर राजेश वर्मा विजय इकबाल रामजी तिवारी देफातिमा बानो शोभा देवी सुनीता देवी नयन ओझा आदि उपस्थित थे।

## पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ बलऊ सिंह का दुर्घटना से निधन



**प्रतापपुर।** उग्रसेनपुर निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य वार्ड नंबर एक प्रतापपुर डॉ अभयराज बलऊ सिंह उम्र 70 वर्ष चार दिन पूर्व बाइक से प्रयागराज जा रहे थे बाबूगंज में सामने से आ रही पिकप वाहन ?ने जोरदार टक्कर मार दिया जिसके बाद बलऊ सिंह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए सिर और शरीर में गंभीर रूप से चोटें आई। परिजनों को सूचना मिली तो मौके पर पहुंचे और इलाज हेतु प्रयागराज लेकर भागे, इलाज के दौरान मंगलवार सुबह उनकी मौत हो गई दुर्घटना के बाद बलऊ सिंह कोमा में चले गए थे फिर अंतिम सांस तक स्वास्थ्य में सुधार नहीं हुआ। बलऊ सिंह बरियाराम, कटरा बाजार में डिस्पेंसरी चलाते थे बहुत ही सरल, मिलनसार, हंसमुख व्यक्तित्व के इंसान थे। उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने तमाम लोग उनके घर पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## खादी ग्रामोद्योग केंद्र अनुवां में मानक के अनुसार नहीं हो रहा कार्य




**जंघई।** उत्तर प्रदेश तथा खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित खादी ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र अनुवां में मानक के अनुसार कार्य नहीं हो रहा है। अनुवां गांव निवासी संजय कुमार पांडेय ने बताया कि ठेकेदार द्वारा खादी ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र अनुवां में मरम्मत का कार्य करवाया जा रहा है लेकिन कार्य मानक के अनुसार नहीं हो रहा है जिससे क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त है सरकारी धन का दुरुपयोग करके घटिया सामग्री से मरम्मत कार्य हो रहा है। हल्के इलेक्ट्रिक उपकरण उपयोग किये जा रहे है जिससे भविष्य में जन हानि हो सकती है मरम्मती करण में निम्न स्तर की सामग्री उपयोग में लाई जा रही है। ठेकेदार द्वारा लीपापोती करके कार्य करवाया जा रहा है जिसकी शिकायत जिला एवं मंडल प्रशासन से किया गया है कार्रवाई करने की अपील किया गया ताकि कार्य तय मानक के अनुसार ही हो।

## बी एड एवं बी एड स्पेशल की प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की सत्र 2024- 25 की बी एड एवं बी एड स्पेशल एजुकेशन की प्रवेश परीक्षा का परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया। परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। प्रवेश परीक्षा गत शनिवार 29 जून को प्रदेश के 10 जिलों के 13 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित की गई थी। विश्वविद्यालय ने पूर्व निर्धारित अवधि में परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया। इसके लिए कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने प्रवेश परीक्षा आयोजन एवं संचालन समिति के प्रति आभार व्यक्त किया। जन संपर्क अधिकारी डॉ प्रभात चन्द्र मिश्र ने बताया कि ने बताया कि बी एड प्रवेश परीक्षा में प्रयागराज के अंशु सिंह प्रथम स्थान पर रहे जबकि बी एड स्पेशल एजुकेशन में महोबा के राम नारायण ने मेरिट सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंशु सिंह प्रयागराज में रहकर सिविल सेवा की तैयारी कर रहे हैं। डॉ मिश्र ने बताया कि अभ्यर्थियों की सहूलियत का ध्यान रखते हुए प्रवेश परीक्षा प्रदेश के आगरा, अयोध्या, बरेली, गोरखपुर, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मेरठ, वाराणसी एवं प्रयागराज में आयोजित की गयी थी। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही विश्वविद्यालय प्रवेश हेतु काउंसलिंग की तिथि निर्धारित करेगा। जिसकी सूचना सफल अभ्यर्थियों को प्रेषित की जाएगी।

## न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे हाईकोर्ट के अधिवक्ता

**प्रयागराज।** मुकदमों की सुनवाई को लेकर प्रक्रियागत परेशानी से क्षुब्ध हाईकोर्ट के वकील बुधवार को न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे।यह निर्णय मंगलवार को हुई हाईकोर्ट बार एसोसिएशन कार्यकारिणी की आकस्मिक बैठक में लिया गया। बार एसोसिएशन के नए पदाधिकारी कक्ष में अध्यक्ष अनिल तिवारी की अध्यक्षता व महासचि विक्रांत पांडेय के संचालन में हुई बैठक में कार्यकारिणी ने उच्च न्यायालय में वकीलों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विचार-विमर्श किया। इनमें कहीं अधिवक्ताओं के साथ हो रहे दुर्व्यवहार, कहीं मुकदमों को रिवाइज करने की पुरानी पद्धति को न मानना, हाईकोर्ट रूल्स में बिना संशोधन मनमाने ढंग से फाइलिंग व रिपोर्टिंग की प्रक्रिया में बदलाव करना, एडवोकेट रोल से संबंधित मांगे गए डाटा को देने से इनकार करने से क्षुब्ध होकर सर्वसम्मति से बुधवार को न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया गया। निर्णय की सूचना मुख्य न्यायाधीश, महाधिवक्ता, अपर सालिसिटर जनरल को भेज दी गई है। शासकीय अधिवक्ता व मुख्य स्थायी अधिवक्ता, उच्च न्यायालय एवं सहायक सालिसिटर जनरल, उच्च न्यायालय को भी निर्णय की कॉपी भेज दी गई है।

# जल एक सीमित संसाधन है इसे खुशहाली के लिए बचाएं : शिवाकांत

**जल जीवन मिशन प्रशिक्षण कार्यक्रम में समूह की महिलाओं को दिया गया प्रशिक्षण**



**करछना** जल संसाधनों की कमी प्राकृतिक वातावरण को भी खराब करता है पानी के बिना कोई भी प्राणी जीवित नहीं रह सकता पारंपरिक तथा आधुनिक व्यवस्था में जल की विशिष्ट भूमिका है तथा यह पीने घरेलू कृषि एवं उद्योगों सहित समस्त दैनिक कार्यों के लिए अनिवार्य है स्वच्छ एवं शुद्ध पानी अनोखा पदार्थ है इसलिए इसका महत्व समझने व इसे संरक्षित करना अत्यंत आवश्यक है पानी का संरक्षण सहित तथा भूजल संसाधनों को प्रदूषण से बचाने में भी सहायक होता है जल संरक्षण के द्वारा पानी की खपत को एक तिहाई तक काम किया जा सकता है जल के सदुपयोग से पानी तथा सीवर की लागत को तेज प्रभाव कम कर सकते हैं पानी के सदुपयोग के बिल कम करता है जिससे उपभोक्ताओं की आर्थिक बचत भी होती है विभिन्न पर्यावरण लाभ अर्थात स्थानीय झरनों में उपलब्ध पानी में वृद्धि भूजल स्तर में स्थिरता प्रदूषण से सुरक्षा आदि होती है तथा बड़े जलाशयों तथा बांधों की आवश्यकता को काम करता है भूजल की निकासी और नियंत्रण की आवश्यकता को काम करता है विकासखंड करछना के सभागार में मंगलवार को दो दिवसीय जल जीवन मिशन कार्यक्रम में जल संरक्षण पर जल शुद्धता हर घर जल योजना के अंतर्गत विकासखंड की क्षेत्र से आई हुई समूह की महिलाओं को यूनोप्स के जिला सलाहकार शिवाकांत द्विवेदी ने दो दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान उक्त बातें विस्तार पूर्वक बताई इस मौके पर धीरेंद्र द्विवेदी राकेश सिंह दिवाकर पटेल प्रदीप पटेल संगीता एवं समूह की महिलाओं में उर्मिला देवी किरण देवी सुनीता देवी सुधा देवी सुनीता देवी मीना अनीता शीला देवी मीरा देवी प्रियंका पूजा संगीता देवी आज बड़ी संख्या में समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

## नालियों के उपर लगे लोहे की जाली नशेड़ियों के लिए आमदनी का बना जरिया



**मऊआइमा।** मऊआइमा नगर पंचायत में नालियों के उपर लगे लोहे की जाली क्षेत्र के नशेड़ियों के लिए आमदनी का जरिया बन गया है। बताया गया है कि नशेडी प्रवृत्ति के चोरों द्वारा रात के समय ई रिक्शा से जाली काट कर उठा ले जाते हैं। जिससे लोगों के बाइकों और आवागमन में बडी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया है कि बीती रात एक ई रिक्शा पर कई नशेडी चुनौटा कुआं पर लगे लोहे की जाली को चोर उडा दिए। जिसकी फोटो लगे सीसी कैमरे में कैद हो गई है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक नगर पंचायत द्वारा थाने में कोई तहरीर नहीं दी गई थी।



# विधायक निधि से बनाई जाएंगी बारा विधानसभा की 20 सड़कें

**विधायक डा. वाचस्पति ने पांचों मंडल अध्यक्षों को दी चार-चार सड़कों की सौगात**

**बारा।** विधानसभा बारा क्षेत्र में जर्जर हो चुकी सड़कों की मरम्मत के लिए बारा विधायक डा. वाचस्पति ने प्रयास शुरू कर दिया है। बीते दिनों नगर पंचायत शंकरगढ़ के सभी 12 वार्डो को एक -एक सड़क निर्माण/मरम्मत की घोषणा करने के बाद अब बारा विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र को 20 इंटरलाकिंग सड़कों की सौगात दी है। बारा विधायक डा. वाचस्पति ने बताया कि हमारा उद्देश्य समूचे बारा विधानसभा का विकास करना है। हम अपनी टीम को साथ में लेकर गांव-गांव जनता दरबार का आयोजन कर रहे हैं। लोगों की समस्याओं को सुन रहे हैं और उनका त्वरित निदान करवाया जा रहा है। सड़क, बिजली, पानी जैसी समस्याओं के निदानके लिए त्वरित गति से कार्य किया जा रहा है। बारा विधायक ने बताया कि विधानसभा बारा के जसरा मंडल, शंकरगढ़, कौंधियारा, मनकामेश्वर और नारीबारी मंडल 20 इंटरलाकिंग सड़कों के निर्माण की स्वीकृति विधायक निधि से दी गई है। क्षेत्र के मंडल अध्यक्षों और स्थानीय लोगों के साथ हुई बैठक में आवागमन की समस्या को सरल बनाने के लिए सभी पांचों मंडल में चार-चार सड़कों के निर्माण की अनुमति प्रदान की गई है।

# भगवतपुर ब्लाक का सीडीओ ने किया औचक निरीक्षण अधिकारी एवं कर्मचारी रहे गायब

**अखंड भारत संदेश**

**औचक निरीक्षण में अनुपस्थित रहे अधिकारी एवं कर्मचारी से मांगा गया स्पष्टीकरण का जवाब**

**प्रयागराज।** भगवतपुर ब्लाक का मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी ने औचक निरीक्षण कर कार्य में लापरवाही बरतने वाले निरंकुश अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कड़ा संदेश दे दिए हैं। मुख्य विकास अधिकारी के औचक निरीक्षण के दौरान कार्य में लापरवाही बरतने वाले निरंकुश अधिकारी एवं कर्मचारी के बीच भय का माहौल बना रहा। मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा भगवतपुर ब्लाक का औचक निरीक्षण के दौरान कई अधिकारी एवं कर्मचारी अनुपस्थित रहे हैं। औचक निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित रहे अधिकारी एवं कर्मचारी से स्पष्टीकरण का जवाब मांगा गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने भगवतपुर ब्लाक क्षेत्र के तमाम ग्राम पंचायतों में फैली गंदगी को देखकर साफ - सफाई को लेकर कड़ी नाराजगी जाहिर किए हैं और जिम्मेदारों को कड़ी फटकार लगाई है। भगवतपुर ब्लाक का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने मोहोद्दीनपुर भरेठा में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेय जल हेतु पानी की टंकी एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत निर्मित टीएचआर प्लांट का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सेवढ़ा नहर पटरी रोड से मोहिद्दीनपुर समरहा तक निमार्णाधीन संपर्क मार्ग का भी निरीक्षण किया।

## व्हाट्सएप ग्रुप पर अवर अभियंता को दी धमकी, केस दर्ज

**शंकरगढ़।** अवर अभियंता (विद्युत) रवि प्रकाश ने दो लोगों के खिलाफ धारा 132, 351(2), 352, 3(1)(द), 3(1)(घ) (एससीएसटी एक्ट) के तहत केस दर्ज करवाया है। अवर अभियंता रविप्रकाश मौजूदा समय में 33/11 केवी उपकेंद्र शंकरगढ़ में कार्यरत हैं। पुलिस को दी गई तहरीर में रविप्रकाश ने बताया कि उपभोक्ताओं की सहूलियत के लिए व्हाट्सएप पर एक ग्रुप बनाया गया है। जिसमें बिजली से संबंधित सूचनाएं स्थानीय उपभोक्ताओं को दी जाती हैं। अवर अभियंता ने बताया कि पांच जुलाई की रात लगभग दस बजे उक्त ग्रुप पर गगन सिंह पुत्र अज्ञात (निवासी बेमरा) और वितेंद्र कुमार पांडेय पुत्र अज्ञात (निवासी सोनवर्षा) ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए धमकी दी और यह लिखा कि जिस प्रकार पूर्व में अवर अभियंता को पेड़ में बांधने के उपरांत अवर अभियंता ने अपना ट्रांसफर करवा लिया था..., का प्रयोग करते हुए धमकाया गया।यही नहीं उक्त दोनों ने बारा विधायक को भी जाति के आधार पर अपमानित करने का कार्य किया गया। अवर अभियंता का आरोप है कि इसके पूर्व भी दोनों के द्वारा ग्रुप में कई बार अपमानित किया जा चुका है और यहां से हटाने की धमकी दी जा चुकी है। यही नहीं उपकेंद्र पर भी दोनों ने कई दफा डराने-धमकाने का कार्य किया है। भीड़ के साथ उपकेंद्र का घेराव करने और भगाने की धमकी दी गई। फिलहाल, शंकरगढ़ पुलिस ने सुसंगत धाराओं में केस दर्ज करते हुए मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले में एसओ शंकरगढ़ ओमप्रकाश ने बताया कि अवर अभियंता (विद्युत) की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# गृहकर एवं जलकर के डिजिटल भुगतान हेतु आयोजित रैली सम्पन्न




**प्रयागराज।** मंगलवार को नगर निगम प्रशासन द्वारा निर्धारित डिजिटल पेमेन्ट महा अभियान के तहत निर्धारित की गयी रैली का आयोजन स्व0 चन्द्रशेखर आजाद पार्क गेट नं0 1 से पत्रिका चौराहा सिविल लाइन्स तक किया गया, जिसमें समस्त नगर वासियों/भवन स्वामियों/कर दाताओं से नगर निगम के गृहकर व जलकर के भुगतान को डिजिटल माध्यमों से किये जाने की अपील की गयी जो भुगतान सम्बन्धी प्रक्रिया में अबतक सबसे नवीनतम पारदर्शी एवं उन्नत व्यवस्था है। जिसमें नागरिक जब चाहे अपने भवन के गृहकर की जानकारी स्वंय अपने स्तर पर कर सकता है। उक्त रैली में प्लास्टिक उन्मूलन अभियान को भी शामिल किया गया। जिसका उददेश्य नगर निगम के परिसीमा में प्लाटिक की पन्नियों के छोटे-छोटे प्रतिबन्धित प्लाटिक, रिसाईकिल प्लाटिक के सामानों आदि को नष्ट किये जाने एंव उनका पर्यावरण एवं जन स्वास्थ्य की दृष्टि से उपयोग न करने हेतु नागरिकों को जागरूक किया गया। उक्त रैली में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी0के0द्विवेदी के नेतृत्व में जोनल अधिकारी संजय ममगई, अधिशाषी अभियन्ता जलकल शिवम मिश्रा, कर अधीक्षक श्रीमती मोनिका एवं श्रीमती जया सिंह के साथ नोडल राजस्व निरीक्षक श्रीमती आदि शक्ति मिश्रा एवं राजस्व निरीक्षक कमलेश पाण्डेय, हर्षवर्धन, राजेश कुमार, सुरजीत तिवारी, जलकल विभाग के कर्मचारी, आई0ई0सी की टीम एवं अन्य आउटसोर्स कर्मचारी रैली में सम्मिलित हुए।

# महिला शिक्षिकाओं ने ऑनलाइन हाजिरी का किया पुरजोर विरोध

## सरकार के तुगलकी फरमान को नहीं मानेगी शिक्षिकाएं : अनुरागिनी सिंह

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ द्वारा माननीय मुख्यमंत्री व बेसिक शिक्षा मंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी महोदय को ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में सौंपा। महिला शिक्षक संघ के आह्वान पर समस्त 22 ब्लॉक से डीएम कार्यालय ज्ञापन देने हेतु बहुत भारी संख्या में शिक्षिकाएं एकत्रित हुईं।ज्ञापन देने हेतु सभी शिक्षिकाएं एयरप्लेन चौराहा पुराना कटरा के पास एकत्रित हुईं और रैली के माध्यम से जिलाधिकारी कार्यालय तक पहुंचीं। ज्ञापन अपर जिला मजिस्ट्रेट नगर मदन कुमार के द्वारा लिया गया नगर मजिस्ट्रेट ने आश्वासन दिया कि आप सब का ज्ञापन मुख्यमंत्री व बेसिक शिक्षा मंत्री महोदय तक पहुंचा दिया जाएगा। इस बीच मंडल अध्यक्ष अपर्णा बाजपेई,जिला अध्यक्ष अनुरागिनी सिंह,रितु सिंह, श्वेता श्रीवास्तव द्वारा शिक्षकों को उद्बोधन किया गया।रैली में रास्तेभर नारे लगाते हुए जिला अधिकारी कार्यालय तक पहुंची। जिलाधिकारी कार्यालय के समीप सभी ने डिजिटल अटेंडेंस के विरोध में नारे लगाए और अपनी बात रखी । प्रातः घर से विद्यालय और विद्यालय के उपरांत भारी संख्या में महिला शिक्षिकाएं एकत्रित होने का सिर्फ एक कारण था डिजिटल अटेंडेंस का विरोध करना। महिला शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष अनुरागिनी सिंह ने कहा की प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्य के आह्वान के अनुसार कोई भी महिला शिक्षिका,शिक्षक ऑनलाइन अटेंडेंस नहीं देंगे।उन्होंने कहा जब तक ज्ञापन में दी गई हमारी मांगे पूर्ण नहीं होगी तब तक हम ऑनलाइन अटेंडेंस नहीं देंगे। मंगलवार को ज्ञापन कार्यक्रम में समस्त ब्लॉक के अध्यक्ष व कार्यकारिणी में सैकड़ो की संख्या में शिक्षक,शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष ,समस्त जिला कार्यकारिणी समस्त ब्लाक कार्यकारिणी एवं भारी संख्या में शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।




# नैनी क्षेत्र को एक अलग विधान सभा घोषित किया जाए

## भाजपा के कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री से मांग किए हैं

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी क्षेत्र को विधानसभा बनाने की मांग भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव पूर्व कार्यकारिणी सदस्य नगर निगम के द्वारा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश आदित्यनाथ योगी से मांग की है कि नैनी क्षेत्र को एक अलग विधानसभा घोषित किया जाए जिससे क्षेत्र का विकास तिव्रगति से हो नैनी क्षेत्र की आबादी लगभग 5 लाख हो गई है तो विधानसभा नैनी बन जाने से जमुना पार का विकास होगा यह एक ऐतिहासिक क्षेत्र है इस क्षेत्र में विकास की गंगा बहाने के लिए कुछ क्षेत्रों को काटकर नैनी क्षेत्र में मिलकर एक विधानसभा बनाया जा सकता है जिसको ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश विधानसभा नैनी के नाम से बनाने का प्रस्ताव नैनी के भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं के द्वारा भेज कर मांग की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव, वरिष्ठ पार्षद दिलीप जायसवाल उर्फ दीपू, पार्षद पवन यादव, पार्षद राकेश जयसवाल, पार्षद अनूप पासी, डॉक्टर रमेश भारतीय, पार्षद संजय पासवान, पार्षद बलराज, सेक्टर प्रभारी प्रदीप तिवारी, मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य सुनील विश्वकर्मा, महामंत्री उमेश सेन, उपाध्यक्ष नित्यानंद मिश्रा, रमेश पटेल, धर्मराज पटेल, बाबूजी यादव, धीरज यादव, पहलाद पांडे, दामोदर प्रसाद तिवारी, सुनील कुशवाहा, सुधीर प्रजापति, राज सिंह आदि कार्यकताओं और वरिष्ठजनों ने मांग का समर्थन किया है।



# मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी ने मण्डलीय राजस्व प्रशिक्षण केन्द्र का किया निरीक्षण

**प्रशिक्षण संस्थान को उच्चीकृत, आधुनिक एवं नवीनतम सुविधाओं से युक्त किए जाने हेतु दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल मंगलवार को नवचयनित लेखपालों के प्रशिक्षण के दृष्टिगत मण्डलीय राजस्व प्रशिक्षण संस्थान के उच्चीकरण, आधुनिकीकरण व नवीनतम सुविधाओं से केन्द्र को युक्त किए जाने हेतु प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण कर वहां पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षण कक्षों, प्रशिक्षार्थियों के रूकने हेतु हॉस्टल, मेस एरिया, फर्नीचर, शौचालय, पानी, विद्युत सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा। मण्डलायुक्त ने प्रशिक्षण संस्थान को नवीनीकृत, उच्चीकृत करने हेतु वहां पर स्मार्ट/डिजिटल क्लास रूम, कम्प्यूटर लैब, लाइब्रेरी बनाये जाने के साथ-साथ प्रशिक्षण संस्थान में फर्नीचर की भी समुचित व्यवस्था किए जाने एवं शुद्ध पीने के पानी के लिए आर0ओ0 सिस्टम, हॉस्टल के कमरों की मरम्मत कराये जाने हेतु शासन स्तर से बजट की मांग किए जाने के लिए मुख्य राजस्व अधिकारी को निर्देशित किया है। उन्होंने प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षकों व अन्य रिक्त स्टॉफों की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। तत्पश्चात मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं के बारे में भी प्रधानाचार्य से जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज, अपर नगर आयुक्त, पीडब्लूडी के अधिशाषी अभियंता पी0के राय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण तिवारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नैनी दिल्ली पब्लिक स्कूल में पौध वितरण एवम वृक्षारोपण कार्यक्रम अयोजित



**नैनी।** नैनी दिल्ली पब्लिक स्कूल में मंगलवार को पौध रोपण एवम वृक्षारोपण अभियान एक पेड़ माँ के नाम वन विभाग के साथ भागीदारी की। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वन संरक्षक तुलसी दास शर्मा,प्रभागीय वन अधिकारी अरविन्द कुमार यादव जिला परियोजना अधिकारी राजेश परमार्थी तथा नमामि गंगे की परियोजना अधिकारी ईशा सिंह ने विद्यालय के बच्चों को पेड़-पौधे लगाने और संरक्षित करने के लिये प्रेरित किया। इस पहल उद्देश्य प्रयागराज को हरा भरा बनाना है। इस अवसर पर प्रतिभागियों को निःशुल्क पौध वितरण किया गया।वन विभाग के प्रतिनिधियों ने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण एवम पेड़ो की देखभाल के विषय मे महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ सुजाता सिंह, अध्यक्ष सोनू सिंह ने अपने संबोधन में पौध संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी का आभार व्यक्त किया।

# भू-माफिया को सरकारी जमीन देने पर जांच शुरू

## सरकार को 2000 करोड़ का हुआ नुकसान,राजस्व परिषद की आयुक्त ने दिया कार्रवाई का आदेश

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज में 1800 बीघा जमीन भू माफियाओं को देने के मामले की जांच शुरू हो गई है। गंगापार के फूलपुर तहसील में कई ग्राम पंचायतों की सरकारी जमीन भूमाफिया और बिल्डरों को देने का यह मामला समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान का है।राजस्व परिषद की आयुक्त मनीषा त्रिघाटिया ने इस गंभीर मामले में प्रयागराज के डीएम को जांच कराने का निर्देश दिया है। कहा गया है कि केवल लिपिकीय सुधार प्रक्रिया के जरिये भूमि भू माफिया और बिल्डर्स को दे दी गई। इसकी जांच कर कार्रवाई की जाए। हालांकि प्रशानिक अधिकारी इस मामले में कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं।

**12 दिसंबर 2015 को जमीन बिल्डरों के नाम की गई थी :**

प्रयागराज में फूलपुर तहसील के तत्कालीन उपजिलाधिकारी ने राजस्व परिषद के आरसीसीएमएस पोर्टल पर 10 दिसंबर 2015 को परगना, झूंसी और सिकंदरा गांव के वाद भू राजस्व अधिनियम 1901 की धारा 33/39 के तहत दायर किए। उपजिलाधिकारी ने मात्र दो दिन बाद 12 दिसंबर 2015 को 59 राजस्व वादों का निस्तारण कर 1800 बीघा सरकारी जमीन का हस्तांतरण निजी खातेदारों और बिल्डरों के नाम कर दिया।

**सरकार को हुआ 2000 करोड़ का नुकसान :**

जमीन के इस खेल से सरकार को करीब 2000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। राजस्व परिषद ने इस प्रारंभिक पड़ताल में इस कृत्य में तत्कालीन पीठासीन अधिकारी (उपजिलाधिकारी), तहसीलदार, पेशकार, राजस्व निरीक्षक और क्षेत्रीय लेखपाल को दोषी माना है।

**मनमर्जी से जारी किया आदेश :**

राजस्व परिषद की ओर से कई गई प्रारंभिक पड़ताल में सामने आया है कि पीठासीन अधिकारी ने आदेश में पक्षकारों के नाम, वाद की विषयवस्तु, विवादग्रस्त भूखंड की खाता संख्या या नाम, का विवरण भी नहीं दिया गया है। पीठासीन अधिकारी ने राजस्व परिषद के नियमों के विपरीत आदेश जारी किए। परिषद ने सभी आदेशों को अस्पष्ट माना है।दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करें राजस्व परिषद के उपभूमि व्यवस्था आयुक्त भीष्मलाल वर्मा ने मामले में दोषियों के खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक और कानूनी कार्रवाई के भी निर्देश दिए हैं।

**इन बिन्दुओं पर होगी जांच :**

वाद का विवरण - वाद संख्या, वादी या प्रतिवादी का नाम, वाद दायर होने की तिथि और आदेश की तिथि क्या है?विवादग्रस्त ग्राम सभा, राज्य सरकार का गाटा संख्या या रकबा क्या है?विवादग्रस्त निजी पक्षकार का गाटा संख्या या रकबा क्या है?विवादग्रस्त गाटों के स्वामित्व का अधिकार क्या है?वाद की कार्यवाही में क्या कदाशयता की गई है, यदि की गई है तो तथ्यों के आधार पर संपूर्ण विवरण और उसके लिए जिम्मेदार अधिकारी कौन हैं?

# पीसएस-जे मुख्य परीक्षा 2022 में कॉपियां बदलने को लेकर हलफनामा दाखिल

**प्रयागराज।** पीसीएस-जे की मुख्य परीक्षा-2022 में 50 अभ्यर्थियों की कॉपियां बदलने को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में सोमवार को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) के अध्यक्ष संजय श्रीनेत ने व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल किया। कोर्ट ने अगली सुनवाई तक हलफनामे और सीलबंद लिफाफे के तथ्यों को सार्वजनिक करने पर रोक लगा दी है। अगली सुनवाई 12 जुलाई को होगी।अभ्यर्थी श्रवण पांडेय की याचिका पर न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह व न्यायमूर्ति डी रमेश की खंडपीठ के समक्ष आधे घंटे चली बहस के दौरान आयोग के अधिवक्ता निशीथ यादव ने यूपीपीएससी अध्यक्ष के व्यक्तिगत हलफनामे के साथ अदालत की ओर से मांगे गए दस्तावेज सीलबंद लिफाफे में पेश किए। कोर्ट ने इनके तथ्यों को सार्वजनिक नहीं करने के निर्देश दिए।

**याची की मांग...** आयोग की कार्रवाई संतोषजनक नहीं, कोर्ट कराए जांच : याची के अधिवक्ता एसएफए नकवी ने कहा कि अदालत से आयोग की परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता सवालों के घेरे में है। गड़बड़ियों के खुलासे के बाद अब तक की आयोग की कार्रवाई से पीड़ित अभ्यर्थी संतुष्ट नहीं है। कहा, इतने बड़े मामले की जांच अदालत स्वतः संज्ञान लेकर करे, क्योंकि इससे बड़ी संख्या में छात्र प्रभावित हैं। तमाम कारणों से वे याचिका नहीं दाखिल कर पा रहे हैं।

**हाईकोर्ट ने कहा...** पीड़ित के लिए खुला है अदालत का दरवाजा

कोर्ट ने सेवा मामले से जुड़ी याचिका को जनहित याचिका के स्वरूप में सुनने से इन्कार कर दिया। कहा, अदालत का दरवाजा हर पीड़ित के लिए हमेशा खुला है। जो भी पीड़ित है, वह खुद याचिका दाखिल कर सकता है।

# शास्त्री पुल पर विद्युत पोल गिरने से बाइक सवार युवक घायल

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** शास्त्री पुल पर मरम्मत कार्य के दौरान अचानक एक बिजलीं का पोल गिर पड़ा जिसकी चपेट में आने से बाइक सवार युवक घायल हो गया। इस दौरान पुल पर अफरा तफरी मच गई। आवागमन भी बाधित हो गया और झूंसी व दारागंज की ओर कुछ समय के लिए जाम लग गया। महाकुंभ के लिए शास्त्री पुल पर लगे पुराने बिजलीं के पोल को हटाकर नए बिजलीं के पोल व आकर्षक लाइटों के लगाने का कार्य चल रहा है। मंगलवार की दोपहर मरम्मत के दौरान दारागंज से झूंसी जाने वाली लेन पर एक पुराना पोल अचानक गिर पड़ा जिसकी चपेट में आने से दारागंज निवासी रजनीश 26 का सर फट गया। पोल गिरने की वजह से पुल पर हड़कंप मच गया। मौके पर आवागमन भी बाधित हो गया। घायल को तत्काल बाइक से इलाज के लिए ले जाया गया।



राहगीर कार्यदाई संस्था पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे लोगों के आक्रोश को देखते हुए मौके पर काम कर रहे हैं मजदूर भाग खड़े हुए सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह लोगों को समझा बुझा कर शांत कराया और क्रेन से पोल को हटवाया गया। जिसके बाद आवागमन सुचारू हो सका।

**पुल पर नही थे सुरक्षा के इंतजाम**

**झूंसी।** शास्त्री पुल पर बिजली के पोल शिफ्टिंग के दौरान सड़क पर कोई भी सुरक्षा का इंतजाम नहीं था। न तो बैरियर लगाया गया था न हीं आने जाने वालों को रोका जा रहा था जिसकी वजह से शास्त्री पुल पर युवक हादसे का शिकार हो गया। राजगीरों का कहना था कि बिजली के पोल बदलने के दौरान बेरिकेटिंग कर राहगीरों के सुरक्षा का ख्याल रखना जरूरी है। स्थल पर बहुत से खतरे सम्भव हैं। ऐसे ही हडशो में कई लोगों को अपनी जान तक जवानी पड़ी है।

## न्यूज झरोखा

### हमले में जख्मी युवक की मौत, छेड़खानी के विवाद में 5 युवकों ने सरेआम पीटा था, अस्पताल में तोड़ा दम



**प्रयागराज।** प्रयागराज में मऊआइमा फ्लाईओवर ब्रिज के पास मारपीट कर जख़्मी किए गए मो. जलील ने इलाज के दौरान मंगलवार को अस्पताल में दम तोड़ दिया। पोस्टमॉर्टम के बाद मंगलवार को शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले में 5 युवकों के खिलाफ केस दर्ज है। आरोपियों ने नसीम की रिश्तेदार एक युवती से छेड़खानी कर दी थी। इसे लेकर पहले झगड़ा हुआ था। 4 जुलाई को उन युवकों ने जलील को घेर लिया और हमला कर निकल भागे थे। **अकेला पाकर किया था हमला :** प्रतापगढ़ के रानीगंज इलाके के नरसिंहगढ़ के रहने वाले मो. नसीम 4 जुलाई को अपने दोस्त मोहम्मद मकसूद के साथ बाइक से मऊआइमा बाजार आया था। रंजिश को लेकर 5 युवकों ने पीटा था। गंभीर हालत में उसे स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां उसकी मौत हो गई। मो. जलील के भाई मोहम्मद हकीम ने मऊआइमा थाने में सरदार, अफसर, रूखसार, सरवर महफूज और सलमान के खिलाफ केस दर्ज कराया था। इसमें सलमान गिरफ्तार हो चुका है।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस पर प्राप्त हुई 76 शिकायते




**प्रयागराज।** नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज, चन्द्रमोहन गर्ग द्वारा मंगलवार को जन सुनवाई करते हुए नगर निगम में आये हुए फरियादियों की शिकायतों को सुना गया, जिसमें कुल 76 शिकायतें प्राप्त हुई। जनशिकायतों के अविलम्ब गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराये जाने हेतु नगर आयुक्त द्वारा सम्बन्धित अधिकरियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, और यह भी निर्देशित किया गया कि गुणवत्ता पूर्ण शिकायतों का निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलिता न बरती जाय। सम्भव जन सुनवाई बैठक के दौरान अपर नगर आयुक्त अम्बरीश बिन्द, दीपेन्द्र यादव, उप नगर आयुक्त अनुपम शुक्ला, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 अभिषेक सिंह, पशुधन अधिकारी डा0 विजय अमृत राज तथा मुख्य अभियन्ता विद्युत संजय कटियार, मुख्य अभियन्ता सतीश कुमार, जलकल महाप्रबंधक गौरव कुमार, लेखाधिकारी अक्षय कुमार समस्त जोनल अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता निर्माण तथा विद्युत, सचिव नगर आयुक्त तथा अवर अभियन्ता सहित नगर निगम के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### ई-रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष को अवैध वसूली के खिलाफ शिकायत पर जान से मारने की धमकी

**प्रयागराज।** जनपद में ई-रिक्शा के जोन व रंग निर्धारण को लेकर यूनियन के साथ ए डीसीपी ट्रैफिक कार्यालय में बैठक को लेकर पहुंचे ई-रिक्शा चालक यूनियन के अध्यक्ष वाई. के. शर्मा का आरोप है कि ए डीसीपी ट्रैफिक से अवैध स्टैंडों पर हो रहे वसूली को लेकर शिकायत करने पर टैक्सी यूनियन के एक पदाधिकारी ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी जिसकी शिकायत पुलिस कमिश्नर व जिलाधिकारी प्रयागराज को लिखित रूप से दी। वहीं उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सिविल लाइंस हनुमान मंदिर पर ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के सामने टैक्सी यूनियन के पदाधिकारी ने ई-रिक्शा चालकों से अवैध वसूली की जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। लगातार शिकायत के बावजूद किसी भी तरीके की कार्रवाई नहीं हुई।जिसको लेकर आज ई-रिक्शा यूनियन द्वारा मीडिया से प्रेस वार्ता की गई।इस मौके पर एडवोकेट राजेंद्र कुशवाहा, मयंक प्राजंल, अहमद रजा अंसारी, परविंदर, विशाल जयसवाल, कमल शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# एमएलसी सुरेंद्र चौधरी के प्रयास से दबंगों के चंगुल से मुक्त कराया गया आवासीय पट्टा

## एसडीएम सोराव की मौजूदगी में आवासीय पट्टे पर दिलाया गया कब्जा, खुशी

अखंड भारत संदेश

**सोरांव।** तहसील क्षेत्र के हथीगहां गांव में सरकार द्वारा 2009 में गरीब भूमिहीन अनुसूचित जाति के करीब डेढ़ हजार लोगों को आवासीय पट्टा आवंटित किया गया था। जिस पर दबंगों ने कब्जा कर लिया था। और जब भी पट्टेदार आवासीय पट्टे की जमीन पर कब्जा करने जाते तो एक विशेष वर्ग के लोगों द्वारा मारपीट व गाली गलौज कर कब्जा नहीं करने देते थे। जिसको लेकर सभी पट्टा धारक भाजपा सरकार के कद्दावर नेता व एमएलसी सुरेंद्र चौधरी संग कमिश्नर प्रयागराज को शिकायती पत्र दिए। जिसको लेकर मंगलवार को सोरांव तहसील के उप जिलाधिकारी डॉक्टर गणेश कनौजिया के नेतृत्व में राजस्व टीम का गठन किया गया। जिसमें नायब तहसीलदार सत्यपाल चौहान, क्षेत्रीय लेखपाल धर्म कंचन ,क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक अमरनाथ सहित राजस्व टीम में लेखपाल अरुण कुमार सरोज, लेखपाल संघ तहसील सोरांव के अध्यक्ष योगेंद्र प्रताप पटेल, लेखपाल केके सिन्हा सहित दर्जनों लोग कब्जा हुए जमीन पर पहुंचे तो वहां पहले से कब्जा किए एक विशेष वर्ग के लोगों द्वारा जमीन को खाली नही किया जा रहा था।



जिस पर एक्शन लेते हुए डॉक्टर गणेश कनौजिया के नेतृत्व में तथा सहायक पुलिस आयुक्त सोरांव जंग बहादुर की उपस्थिति में नवाबगंज की फोर्स बुलाई गई। करीब 5 घंटे के अथक परिश्रम के बाद कुल 9 लोगों को आवंटित आवासीय पट्टे पर काबिज कराया गया। जिसमे मंशा देवी, शिवचंद्र, अमृतलाल, पप्पू,सत्यनारायण, दूधनाथ, राम लखन, चंपोला, फूलचंद सहित सभी गरीब और भूमिहीन अनुसूचित जातियों को आवंटित आवासीय पट्टे को तत्काल कब्जा दिलवाया गया। वही कब्जा पाकर सभी पट्टे धारक खुश नजर आए। और राजस्व टीम सहित उप जिलाधिकारी सोरांव को धन्यवाद दिए। इस बाबत उप जिलाधिकारी गणेश कुमार कनौजिया ने बताया कि 2009 में गरीब व भूमिहीन अनुसूचित जातियों को मकान बनाने के लिए सरकार द्वारा आवासीय पट्टे का आवंटन किया गया था। लेकिन जमीन को किसी एक विशेष समुदाय के लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया था। जिससे पट्टा धारकों को बड़ी ही समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। मामला संज्ञान में आने पर पुलिस बल की मौजूदगी में सभी पट्टा धारकों को आवंटित जमीन पर काबिज कराया गया।

# आनलाइन उपस्थिति के विरोध में प्राथमिक शिक्षक संघ भी मैदान में उतरा

## शिक्षकों के विरोध के चलते आनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था नहीं हो पा रही कारगर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शासन द्वारा आठ जुलाई से बेसिक शिक्षा के छात्रों व शिक्षकों की आनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था आज दूसरे दिन भी शिक्षकों के विरोध के कारण नहीं लागू हो पाई। पहले दिन आठ जुलाई को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आहवान पर शिक्षकों ने आनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था नहीं लागू की। आज इस लड़ाई में प्राथमिक शिक्षक संघ भी कूद पड़ा है।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आवाहन पर मंगलवार को विकासखंड शिवगढ़ के बीआरसी पर सत्य प्रकाश पांडे अध्यक्ष की उपस्थिति में ब्लॉक कार्य समिति एवं संघर्ष समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें शासन द्वारा ऑनलाइन अटेंडेंस का बहिष्कार एवं डिजिटाइजेशन का विरोध किया गया तथा सरकार से मांग की गई जब तक शिक्षकों की मूलभूत मांगे सरकार द्वारा नहीं मानी जाती है तब तक इसका विरोध जारी रहेगा। शिक्षकों ने कहा कि इसके विरोध में 15 जुलाई को बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा साथ ही 23 जुलाई को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना दिया जाएगा। बैठक में विजय मिश्रा, मंत्री रामलाल यादव, कोषाध्यक्ष विजय कुमार पांडे, अखिलेश शर्मा, सतीश तिवारी, शिल्पा शुक्ला, राजेंद्र तिवारी, अरुण मिश्रा, शिव वरन सरोज, मोहम्मद हाशिम, संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रताप चैधरी एवं मंत्री इरफान खान, मोहम्मद इमरान, अनुज कुमार, अरविंद कुमार, सुनील गुप्ता, अजय कुमार पांडे, अनुराग सिंह, धर्मेंद्र सिंह सभी उपस्थित रहे। बता दें कि आठ जुलाई को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष अशोक राय, महामंत्री जय प्रकाश पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में शिक्षकों ने शहर में विरोध प्रदर्शन कर प्रशासन को ज्ञापन दिया था। दोनों दिन शिक्षकों के इस आंदोलन से शासन की आनलाइन की यह व्यवस्था जिले में कारगर नहीं हो पा रही है।


प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक में बोलते पदाधिकारी।

# सांसद ने भ्रमण कर लोगों की सुनी समस्याएं

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विश्वनाथगंज विधानसभा क्षेत्र क्षेत्र का सांसद प्रतापगढ़ डॉ शिवपाल सिंह पटेल ने भ्रमण कर लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्यायें सुनी । इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए कार्यों के क्रियान्वयन हेतु स्थानों को चिंहित किया। उन्होंने ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं से भी रूबरू हुए। क्षेत्र भ्रमण के दौरान बुआपुर, अकोडिया, बलापुर,नगियापुर,होला का पुरवा, जूड़ा पुर,नागापुर, छतौना,कुटिलिया, मांधाता सहित आदि गांवो के लोगों से रुबरु हुए। इसी के साथ प्राथमिक विद्यालय मखनपुर में निरीक्षण कर प्रधानाध्यापक व अन्य टीचरों से बातचीत कर बच्चों को मिठाईयां खिलाकर हौसला बढ़ाया । इस दौरान जानकारी मिली कि विद्यालय में आनलाइन कनेक्शन हो चुका है किंतु बिजली के तार के चलते अभी तक विद्युत व्यवस्था बहाल नहीं हो सकी है, जिस पर संसद ने संबंधित विभाग से बातचीत कर निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रमुख रूप से जितेंद्र सिंह पटेल, बी एल वर्मा,नमन,अहमद अली, सुरेश यादव राम सरोज सहित आदि मौजूद रहे।


लोगों से मुलाकात करते सांसद एस पी सिंह।

# कौशाम्बी सपा सांसद ने ब्लाक कालाक़ांकर का किया दौरा

## जनसत्तादल लोक पार्टी के पदाधिकारियो व समर्थको के साथ की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** कौशाम्बी लोक सभा के युवा नवनिर्वाचित सपा सांसद पुष्पेंद्र सरोज चुनाव जीतने के बाद मंगलवार को संसदीय क्षेत्र के ब्लाक कालाक़ांकर मे मंगलवार को दो दिवसीय तूफानी दौरा किया। सपा सांसद दोपहर 12 बजे कालाकांकर के लेहेंदरी पुल पर पहुंचे जहां पर पहले से ही सैकड़ों की संख्या में सपा कार्यकर्ता व जनसत्ता दल के समर्थक व कार्यकर्ताओ ने फूल माला पहनाकर सांसद का स्वागत किया।

इसके बाद जनसत्तादल् पार्टी के बाबागंज विधायक विनोद सरोज व प्रतिनिधि हरिओम शंकर सिंह श्रीवास्तव की अगुवाई में सभी समर्थकों व कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र भ्रमण किया और सभी का आभार व्यक्त किया। सांसद पुष्पेंद्र सरोज ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र भ्रमण पर आगे बढ़ते हुए, आर एस गेस्ट हाउस झम्मानगर, हिनाहूं, बाजिदपुर, जनवामऊ, ब्राह्मौली, नवाबगंज, परियावां मार्केट, अंसारगंज, अस्थान, अदलाबाद, लवाना, कंधेंरूवा, कुसुवापुर, पनिगो, संग्रामगढ़ आदि जगहों पर भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। जगह जगह पर सपा सांसद का जोरदार स्वागत किया गया। अपने स्वागत को देख गद गद हुए सपा सांसद पुष्पेंद्र सरोज ने कहा कि इस बार लोकसभा कौशांबी में सर्व समाज ने पूर्ण रूप से हमारी जीत में अपना अपना योगदान दिया है और हम जैसे युवा को अपना सांसद बनाकर लोक सभा मे भेजा है जिससे साबित होता है कि जनता क्षेत्र का चहुमुखी विकास चाहती है सांसद ने लोगों को आश्वस्त किया कि आप सभी की उम्मीद की मै खरा उतर कर पूरे कौशांबी लोकसभा क्षेत्र का विकास करूंगा और आम नागरिक के सुख-दुख में साथ देने का काम करूंगा। इस मौके पर संजय त्रिपाठी (हिनाहू प्रधान), प्रकाश चंद्र त्रिपाठी (बाजिदपुर प्रधान प्रतिनिधि) पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ0 बृजलाल यादव ,शिवम यादव, कमलेश यादव, सुशील, संतोष यादव, महेंद्र पटेल ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया और जीत की बधाई देते हुए अपनी शुभकामनाएं दी।


पदाधिकारियों के साथ मौजूद कौशाम्बी सांसद पुष्पेन्द्र सरोज।

# सर्पदंश से महिला की मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सर्पदंश से अचेत हुई महिला की इलाज के दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। लालगंज कोतवाली के समापुर निवासी कपिल मिश्र की पचीस वर्षीया पत्नी रीना को घर में कामकाज के दौरान सोमवार की शाम जहरीले सर्प ने डस लिया। सर्पदंश से अचेत हुई महिला को परिवार के लोग प्राइवेट अस्पताल में इलाज के लिए ले गये। जहां मंगलवार को उसकी मौत हो गयी। परिजनों की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। वहीं महिला की मौत की जानकारी होते ही परिजन विलाप करने लगे।

# विवाहिता ने लगाए मारपीट कर घर से भागने का आरोप, तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** ससुरारीजनों के विरुद्ध गंभीर आरोपों की तहरीर पुलिस को देकर विवाहिता ने कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के उड़ैयाडीह गांव निवासिनी मंजू पत्नी राजेश ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है। कि उसका पति आठ वर्ष से घर से गायब है। वह अपने दो छोटे बच्चों के साथ मेहनत मजदूरी करके गुजर बसर कर रही है। आरोप है कि वह मंगलवार को अपने हिस्से की भूमि में छप्पर रख रही थी जिसका विरोध उसके ससुर, जेठ-जेठानी ने करते हुए उसे छप्पर रखने से मना कर दिया। और ससुराली जन उसे जमीन जायदाद में हिस्सा नहीं देना चाहते हैं। उसे घर से भगा देना चाहते हैं जिससे वह हैरान परेशान हैं। मामले की नामजद तहरीर पीड़िता विवाहिता ने पुलिस को देकर न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाल आलोक कुमार ने बताया शिकायती पत्र मिला है मामले की जांच की जा रही है।

# खेत की सिंचाई के लिए लगा मोनोब्लॉक खोल ले गए चोर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** खेत की सिंचाई के लिए लगी इलेक्ट्रिक विद्युत मोटर अज्ञात चोर चुरा ले गए पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सरसतपुर गांव के रहने वाले दयाशंकर वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसने खेत की सिंचाई के लिए विद्युत मोटर मोनोब्लॉक खेत में लगवाया था जिसे बीती रात अज्ञात चोर चुरा ले गए। सुबह जब वह खेत की सिंचाई के लिए पहुंचा तो देखा मोटर चोरी जा चुकी थी जिसकी शिकायत लेकर वह कोतवाली पहुंचा और अज्ञात के विरुद्ध चोरी की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल आलोक सिंह ने बताया तहरीर मिली है जांच पड़ताल की जा रही है।

# आकाशीय बिजली की चपेट मे आने से किसान की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय कोतवाली के ग्राम पंचायत मधुकर पुर के भटपुरवा निवासी राम राज बर्मा उर्म (57) वर्ष मंगलवार को खेत में धान की बेरन की रखवाली कर रहा था कि लगभग दोपहर बाद एक बजे खेत में अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। रामराज की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घर ले आया उसके बाद एम्बूलेन्स की मदद से ट्रामा सेन्टर लालगंज ले गये, जहाँ डाक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर पहुंचे ग्राम प्रधान देवेंद्र सिंह ने लेखापाल के साथ रानीगंज चैकी प्रभारी को घटना के बाबत जानकारी दी।लेखापाल शुभम सिंह के साथ चैकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने विधिक कार्रवाई के बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा दिया।

# बच्चों को पोषण के प्रति चित्रकला प्रतियोगिता से किया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह में बच्चों के समग्र विकास के लिए कक्षा कक्ष से परे पोषण संबंधी कार्य के अंतर्गत बच्चों को कुपोषण से बचने के लिए पोषण के प्रति चित्रकला प्रतियोगिता कराकर जागरूक किया गया। इस प्रतियोगिता में कई बच्चों ने प्रतिभाग किया। बच्चों ने एक से बढ़कर एक पोषक तत्व का चित्र बनाया। बच्चों का मूल्यांकन कार्य करना शिक्षकों के लिए बहुत ही कठिन कार्य था। बच्चों ने संतुलित आहार में कार्बोहाइड्रेट, वसा, प्रोटीन, खनिज लवण, विटामिन, जल आदि का चित्र बनाकर जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया। बच्चे बखूबी चित्र के माध्यम से अपना-अपना प्रस्तुतीकरण किया। मूल्यांकन के बाद बच्चों का परिणाम घोषित किया गया।जिसमें संयुक्त रूप से लक्ष्मी जायसवाल एवं कृष्णा शुक्ला प्रथम स्थान प्राप्त किया। आयुषी एवं शगुन द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सलोनी तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रभारी प्रधानाध्यापक मोहम्मद फरहीम ने बच्चों को पोषण के महत्व के बारे में बताया। बच्चों को दूध, फ़ल भी दिया जाता है। प्रभाकर यादव खंड शिक्षा अधिकारी मान्धाता ने बच्चों को बधाई दी है। इस मौके पर मोहम्मद फरहीम, पितामह यादव, शिखा श्रीवास्तव, रीतू वर्मा, रोशन आदि शिक्षक उपस्थित रहे।


चित्रकला प्रतियोगिता के बीच बच्चे व शिक्षकगण।

# पूर्व बाल न्यायाधीश के हाथों संगीतज्ञ राम बहादुर सिंह हुए सम्मानित

## शास्त्रीय संगीत को समर्पित जीवन के लिए किया गया सम्मान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शारदा संगीत महाविद्यालय के सभागार में कानपुर के विद्वान् संगीतज्ञ राम बहादुर सिंह को पूर्व बाल न्यायाधीश डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न द्वारा अम्मा साहेब ट्रस्ट की ओर से सारस्वत अभिनन्दन सहित सम्मान पत्र से विभूषित किया गया।

उक्त अवसर पर आयोजित समारोह में संगीतज्ञ राम बहादुर सिंह ने शारदा संगीत महाविद्यालय की विवादित भूमि के सम्बन्ध में दुःख प्रकट किया और परमात्मा से प्रार्थना किया कि बाबागंज में स्थित मेसर्स अनंतूराम मेवालाल एन्ड संस के परिवार के लोग जो जोगपुर में मेसर्स राजेश इंजीनियरिग के नाम से कारोबार करते हैं, उनको सद्बुद्धि प्रदान करें जिससे वे संस्था को प्रतापगढ़ रियासत की रानी साहिबा लक्ष्मी कुंवरि जी द्वारा उपलब्ध कराई गयी भूमि से स्वतः हट जाएं। डॉ0 रत्न द्वारा उक्त अवसर पर कहा गया कि शिक्षा, साहित्य और संगीत से विहीन मनुष्य का जीवन पशु तुल्य स्वीकार किया गया है। शारदा संगीत महाविद्यालय की प्राचार्य बीना श्रीवास्तव ने कहा कि प्रतियोगिता के युग में शास्त्रीय संगीत गायन और वादन की डिग्री लेने वाले कम्पटीशन के छात्रों को रोजगार के बेहतर साध्धान उपलब्ध कराने में शास्त्रीय संगीत की विधाओं गायन एवं वादन दोनों की ही महत्वपूर्ण भूमिका है।

शारदा संगीत महाविद्यालय के प्रबंधक एवं अम्मा साहेब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा ने कहा कि शास्त्रीय संगीत साधना के प्रमुख केंद्र के रूप में शारदा संगीत महाविद्यालय की स्थापना वर्ष 1946 में हुई थी जिसे प्रतापगढ़ रियासत की रानी साहिबा लक्ष्मी कुंवरि जी ने अपने पति राजा साहब अजीत प्रताप सिंह जी से कहकर दिलाया था परन्तु घोर कलयुग में सफेदपोश सामाजिक अपराधियों द्वारा समाज-विरोधी गतिविधियों और साजिश के तहत संस्था की भूमि के एक अंश को विवादित बनाकर हड़पने की कोशिश की गयी है। उक्त अवसर पर अम्मा साहेब ट्रस्ट के संरक्षक सदस्य सुनील कुमार सिंह, संगीत शिक्षक अशोक कुमार सिंह, कुसुमलता श्रीवास्तव, पूर्णिमा श्रीवास्तव, शुभम, रोहित इत्यादि लोग उपस्थित रहे। संचालन आनन्द मोहन ओझा द्वारा किया गया।


राम बहादुर सिंह को सम्मानित करते अतिथिगण।

# ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत, एक रेफर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। दुर्घटना में घायल एक अन्य युवक को गंभीर दशा में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पडोसी जिले रायबरेली के सलोन थाना के कुशहा का पुरवा मजरा केरौवा निवासी हीरा लाल का पुत्र अमरेश सरोज सोमवार की रात अपने एक साथी के साथ लालगंज कोतवाली के चुर्री चैराहा में मित्र की बारात मे शामिल होने आ रहा था। नेशनल हाइवे के अगई मोड पर रात करीब आठ बजे अज्ञात टैक्ट्रर ने बाइक को टक्कर मार दिया। दुर्घटना में अमरेश की मौके पर ही मौत हो गयी। उसके घायल साथी राहुल सरोज 26 पुत्र रामदीन सरोज को प्राथमिक उपचार के लिए लालगंज ट्रामा सेण्टर लाया गया। यहां गंभीर दशा में चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दुर्घटना की जानकारी होते ही लालगंज कोतवाल नीरज यादव तथा रानीगंज कैथौला चैकी इंचार्ज सुरेन्द्र सिंह मौके पर पहुंचे। वहीं पुलिस ने युवक की मौत को लेकर परिवार के रामदीन सरोज की तहरीर पर अज्ञात टैक्ट्रर चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर शव को पीएम के लिए भेजवाया।

# आकाशीय वङ्कापात से छात्र की मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आकाशीय वङ्कापात की चपेट में आकर छात्र गंभीर रूप से झुलस गई। गंभीर हालत में उसे सीएचसी पट्टी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर घर लौट गए। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के पहाडा मुरार पट्टी गांव निवासी उमा प्रताप की 14 वर्षीय बेटी सेजल मंगलवार को दिन में करीब 2 बजे घर के सामने कपड़ा हटाने गई थी। इस दौरान अचानक तेज आवाज के साथ आकाशीय वङ्कापात हो गया। सेजल अपने ननिहाल में रहकर कक्षा नव की पढ़ाई करती थी। इन दिनों अपने घर पर आकर रह रही थी। जिस जगह आकाशी वङ्कापात हुआ वहां पर एक बांस मौजूद था। जो पूरी तरह से छत विचहत हो गया। इतना ही नहीं घर के बारजा की कई ईट भी टूट कर नीचे गिर गए। छात्रा आकाशी वाजपत की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई थी। उसे सीएचसी पट्टी लाया गया, जहां पर इलाज कर रहे चिकित्सक डॉ अखिलेश पटेल ने उसे मृत घोषित कर दिया जहां से परिजन शव लेकर घर लौट गए छात्र की मौत से घर पर कोहराम मचा है। संवेदना जताने वालों का ताता लगा हुआ है। सेजल दो बहन एक भाई बड़ी थी बड़ी बहन की मौत से छोटी बहन और छोटे भाई का समेत मां का रो-रोकर बुरा हाल है।

## आकाशीय बिजली गिरी चपेट मे आने से धान लगा रही महिला की मौत, सकरदहा के तिवारी पुर मे गिरी आकाश से आफत

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** तेज बारिश और गड़गड़ाहट के बीच आसमान से गिरी आफत ने एक महिला को अपनी चपेट मे ले लिया। महिला की घटना स्थल पर मौत हो जाने से परिजनों मे कोहराम मच गया। महिला अपने खेत मे धान को रोपाई कर रही थी उसी बीच तेज बारिश और जोरदार आसमानी आवाज के साथ बिजली गिर गयी।मिली जानकारी के अनुसार मृतका भागवती देवी पटेल पत्नी रामकिशुन पटेल की मौत हो गयी। उसके पांच बच्चे है जिनमे बेटा दीपक पटेल अभी अविवाहित है और चार बेटियाँ की शादी हो चुकी है। मृतका तिवारीपुर शकरदहा थाना बाघराय की रहने वाली है और आज अपने खेत मे धान की रोपाई कर रही थी। मौत की खबर सुनकर गांव के रामेन्द्र प्रताप सिंह ने इसकी खबर सोसल मीडिया और तहसील समेत पुलिस और राजस्व के अधिकारियों को दिया।

# जिले के प्राथमिक व उच्च प्रा0 विद्यालयों में होगा स्काउट गाइड प्रशिक्षणः बीएसए

## 266 विद्यालयों का हुआ पंजीकरण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि जिले में 15 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय है। सभी विद्यालयों से एक-एक पूर्णकालिक शिक्षिका को बेसिक गाइड कोर्स का प्रशिक्षण प्रयागराज ममफोर्डगंज प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र पर कराया जा चुका है।

उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा जिन भी विद्यालयों का पंजीकरण प्राथमिक स्तर पर कब एवं बुलबुल तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर स्काउट गाइड दल का पंजीकरण हुआ है, उस विद्यालय में डी बी टी के माध्यम से भेजी गई धनराशि में से एक ड्रेस विद्यालय का तथा दूसरा ड्रेस यदि विद्यालय प्राथमिक स्तर है तो कब/बुलबुल एवं यदि विद्यालय उच्च प्राथमिक स्तर का है तो स्काउट/गाइड का, प्रधानाध्यापक अभिभावकों से संपर्क कर ड्रेस बनवाने के लिए कहे साथ ही साथ जनपद प्रतापगढ़ से बेसिक शिक्षा विभाग से 50 शिक्षक/शिक्षिकाओं की सूची शासन से मांगी गई है जिन्हें स्काउट गाइड का प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। साथ ही साथ जनपद के समस्त विद्यालयों को पंजीकृत करने के लिए भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश लखनऊ ने पंजीकरण निशुल्क करने के लिए कहा है। जनपद प्रतापगढ़ में पहले से ही शासन द्वारा 266 विद्यालयों का पंजीकरण किया गया हुआ है शेष जो बचे हुए विद्यालय हैं जल्द ही भारत स्काउट गाइड द्वारा निशुल्क पंजीकरण एवं नवीनीकरण की प्रक्रिया की जाएगी।

# कच्चे मार्ग पर खड़ंजा कराएं जाने के लिए जिला अधिकारी से मांग

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** प्राथमिक विद्यालय से बस्ती में जाने वाले कच्चे मार्ग पर खड़ंजा बिछाए जाने के लिए ग्राम प्रधान सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। जिससे आवागमन सुचारू रूप से हो सके।

विकास खंड शिवगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत विष्णुपुर कला में प्राथमिक विद्यालय से गांव में जाने के लिए एक कच्चा मार्ग है।जिस पर ग्रामीण लगभग 60-70 वर्षों से आते जाते हैं। लेकिन उस पर खड़ंजा न होने से ग्रामीणों को बरसात में भारी कठिनाइयों का सामान करना पड़ता है तथा बच्चे स्कूल भी नहीं जा पाते। जबकि प्राथमिक विद्यालय तक खड़ंजा लगा हुआ है। इस कच्चे मार्ग पर प्राथमिक विद्यालय से बस्ती में जाने के लिए लगभग 150 मीटर खड़ंजा लगवाने के लिए गांव के ग्राम प्रधान रन्जू मिश्रा, शंकर लाल पटेल, विजय बहादुर, जगन्नाथ, अवधेश राम नरेश, राज बहादुर महेंद्र कुमार नितिन सहित दो दर्जन से अधिक लोगों ने जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कच्चे मार्ग पर खड़ंजा लगवाएं जाने की मांग की है।

# विद्युत लाइनमैन को घायल कर चालीस हजार लूटा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** दिलीपपुर थाना के सराय भवानी गांव निवासी बबलू (32) वर्ष हरिपुर बरदैता पावर हाउस में संविदा लाइनमैन है। वह पावर हाउस से शाम साढे सात बजे उपभोक्ता का बिजली बिल जमा करने के लिए 40 हजार रुपया लेकर घर जा रहा था। वह पट्टी रानीगंज मोड पर सांगा पट्टी गांव के पास पहुंचा था, कि पीछे से बाइक पर सवार होकर तीन लोग आ धमके और लोहे की राड से उसके ऊपर हमला कर दिया जिससे वह जमीन पर गिर गया। हमलावरों ने उसके जेब से 40 हजार निकाल कर पट्टी की तरफ भाग निकले। सड़क से आ जा रहे लोगों ने उसे सड़क पर गिरा देखा तो इसकी सूचना उसके घर पर दिए सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन में उसे सीएचसी बेलखरनाथ ले गए जहां से उसे मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।


दबंगों की पिटाई से घायल विद्युत लाइनमैन

# आकाशीय बिजली गिरने से तीन की मौत दर्जनों झुलसे

**घटना के बाद पूरे गांव में मचा कोहराम झुलसी महिलाओं को इलाज के लिए जिला अस्पताल में कराया भर्ती**

अखंड भारत संदेश







**कौशाम्बी।** जिले के दो अलग-अलग स्थान में आकाशीय बिजली गिरने से खेत में काम कर रही दो महिलाओं समेत एक बालक की दर्दनाक मौत हो गई है और आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक दर्जन से अधिक महिलाएं झुलस गई है सूचना पाकर मौके पर स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ थाना पुलिस और कई एंबुलेंस पहुंच गई है और आकाशीय बिजली से झुलसी महिलाओं को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है मृतक महिलाओं के शव कों कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है आकाशीय बिजली गिरने के बाद पूरे गांव में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के लोधन के पुरवा गांव में खेत में धान की रोपाई महिलाएं कर रही थी इसी बीच तेज आवाज के साथ आकाशीय बिजली गिर गई जिससे खेत में काम कर रही महिलाएं झुलस गई मौके पर चीख पुकार मच गया आसपास के अन्य खेतों में काम कर रहे लोगों ने जब चीख पुकार सुनी तो हो हल्ला मचाया मामले की जानकारी जैसे ही गांव के लोगों को मिला पूरा गांव घटनास्थल पर पहुंच गया घटना स्थल पर कोहराम मचा हुआ है आकाशीय बिजली गिरने से रानी देवी लोध उम्र 19 वर्ष पुत्री अमर सिंह वा शिवाकांत उम्र 12 वर्ष पुत्र सदाशिव लोध की दर्दनाक मौत घटना स्थल पर हो गई है। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से खेत में काम कर रही फुलवा देवी पत्नी बिंदेश्वरी वा अनीता देवी पत्नी बच्ची लाल वा शकुंतला देवी पत्नी जगन्नाथ वा दीपिका देवी पत्नी पिंटू वा मैहर देवी पत्नी चंदन वा माधुरी देवी पत्नी सदाशिव वा सुनीता देवी पत्नी राजकरण वा किरन देवी पत्नी श्याम बहादुर वा पूनम पुत्री धनराज वा साधना सोनम नीलम सोनामिला रामरति कविता लक्ष्मी देवी सहित कई महिलाएं झुलस गई है

दूसरी घटना पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के धावडा ग्राम सभा में आकाशीय बिजली गिरने से उर्मिला देवी सरोज उम्र 47 वर्ष पत्नी राम लोटन सरोज की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई मौत की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना मिलते ही पूरा गांव घटनास्थल पर पहुंच गया मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है गांव में कोहराम मचा है।

## न्यूज झरोखा

### शहीद हुए जबाजो के आत्मा की शान्ति के लिए कांग्रेस ने कैंडल जलाकर 2 मिनट का रक्खा मौन



**कौशाम्बी।** जम्मू कश्मीर के कठुआ में आज सुरक्षा बलों पर हुए आतंकी हमले में हमारे 5 जवान शहीद हो गए कांग्रेस पार्टी आतंकियों द्वारा सेना के ऊपर हुए इस हमले की घोर निंदा करती है, इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाह्न पर ज़िला कांग्रेस कमेटी कौशाम्बी के ज़िला अध्यक्ष गौरव पांडेय के नेतृत्व में सेना के जवानों की शहादत पर मंगलवार को नगर पंचायत चरवा के शहीद चंद्रमणि सिंह यादव के शहीद स्थल पर कैंडल जलाकर शहीद हुए जबाजो के आत्मा की शान्ति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया, इस मौके पर प्रदेश सचिव जिला प्रभारी राजेश साहानी अल्कमा उस्मानी, गुलजारी लाल, विनोद गर्ग, उदय यादव ,पवन यादव, सोम प्रकाश मिश्रा(अध्यक्ष ब्राह्मण समाज कौशांबी), महेंद्र मिश्रा, नुरुत जमा,शिव प्रकाश सरोज, सुरेंद्र शुक्ला अभिषेक गौतम, ज्ञान देव भारती, अशोक पाण्डेय, अजय पाण्डेय कोमल यादव, बृज मोहन, राजन यादव, यूसुफ जमा, मो० शारूख सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### अधिशासी अधिकारी ने चलाया अतिक्रमण विरोधी अभियान, मचा हड़कंप




**अझुवा कौशांबी** आदर्श नगर पंचायत अझुवा में लगातार हो रहे अतिक्रमण से लोगों को राहत दिलाने के लिए नगर पंचायत प्रशासन ने मंगलवार को अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया है।अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह के नेतृत्व में अझुवा चौकी पुलिस और आदर्श नगर पंचायत कर्मियों के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग भोला चौराहे से नवीन मंडी स्थल तक सर्विस लेन का अतिक्रमण हटाया गया है इस दौरान अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह ने स्थाई अतिक्रमणकताओं और गंदगी फैलाने वाले राजेश कुमार से 5 सौ रुपए, दिलीप कुमार दिलीप कुमार से 200 डॉक्टर भोलानाथ से 1000 कमलेश,कल्लू, सोनू ,मेहंदी ,राधे चरण से प्रत्येक 500 रुपए इस तरह कुल 42 सौ रुपए जुमार्ना वसूला गया है अधिशासी अधिकारी ने बताया अभियान नियमित रूप से चालू रहेगा नगर वासियों से नगर पंचायत को अतिक्रमण मुक्त और स्वच्छ बनाए रखने में अधिशासी अधिकारी ने सहयोग मांगा है।

### अनियंत्रित ऑटो खड़ी कार से भिड़ी, 2 घायल




**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली के राष्ट्रीय राजमार्ग अटसराय गांव के पास सर्विस लाइन पर खड़ी कार से अनियंत्रित आटो भिड़ गया जिससे हादसे में ऑटो सवार दो लोग जख्मी हो गए। आसपास मौजूद लोगो ने हादसा देखा तो घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। फतेहपुर जनपद के खागा कोतवाली क्षेत्र के ईंट गांव निवासी 50 वर्षीय बसंत लाल व 16 वर्षीय ललिता देवी मंगलवार की दोपहर ऑटो में सवार होकर हब्बू नगर जा रहे थे । ऑटो चालक जैसे ही सैनी कोतवाली के अटसराय गांव के नजदीक हाइवे के सर्विस लेन पर पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर ऑटो सामने खड़ी कार में भिड़ गया। हादसे में कार व ऑटो क्षतिग्रस्त हो गया और ऑटो में बैठे बसंत लाल व ललिता गंभीर रूप से घायल हो गए । हादसा देख आसपास मौजूद लोगो ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। दुर्घटना के बाद आटो चालक मौके से फरार हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों को घर भेज दिया है।पुलिस ने आटो को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## किसानों की आईडी बनाकर फार्मर रजिस्ट्री की जायेंगी तैयार

**कौशाम्बी।** अभी तक किसानों की भूमि का एक जगह कोई रिकार्ड नहीं होता है। अब सभी किसानों की आईडी बनेगी। उनकी इंच-इंच भूमि का रिकार्ड बनाकर गोल्डन कार्ड बनाया जाएगा, जिसमें किसान के नाम दर्ज भूमि का पूरा डाटा होगा। पारदर्शी व्यवस्था होने के साथ ही साथ भूमि को लेकर होने वाले फर्जीवाड़े को भी रोका जा सकेगा। यह जानकारी उप कृषि निदेशक श्री सतेन्द्र कुमार तिवारी ने देते हुए बताया कि भूमि में हेराफेरी से सम्बन्धित मामले अधिक आते हैं। इसी व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए भूमि का रिकार्ड बनाया जायेगा। इसके लिए उप कृषि निदेशक कार्यालय को नोडल बनाया गया है। कृषि, राजस्व व पंचायत विभाग के कर्मचारी सभी ग्राम पंचायतों में शिविर लगाएंगे, जिस दिन शिविर लगेगा किसान आधार, खतौनी व मोबाइल नं० लेकर जरूर जाय। विभागीय कर्मचारी सबसे पहले ई-केवाइसी करेंगे। समान नाम व समान पिता के नाम से जुड़ी भूमि के खाते एक साथ किए जाएंगे। किसान ने जो भूमि खुद की बताई है, यह उसकी है या नहीं, रकबा कितना है, इसका सत्यापन लेखपाल पोर्टल पर करेंगे, लेखपाल इसमें संशोधन भी कर सकेंगे। इसे दो चरणों में पूरा किया जायेगा। पहला चरण-08 जुलाई से 08 अगस्त तक चलेगा। दूसरे चरण में इसे किसानों के लिए खोल दिया जाएगा। इसमें छूटे किसान स्वयं ऐप के जरिए या जन सुविधा केन्द्र में जाकर प्रक्रिया पूर्ण कर सकेंगे। पूरी प्रक्रिया होने के बाद किसानों की आईडी बनाकर फार्मर रजिस्ट्री तैयार की जायेगी। उप कृषि निदेशक ने बताया कि रजिस्ट्री और राजस्व में किसी दूसरे की जमीन को खुद की बताकर बेचने के मामले आए दिन आते हैं। किसानों का गोल्डन कार्ड बनने के बाद पूरा डाटा ऑनलाइन होगा। खरीद या बिक्री के समय उसी गोल्डन कार्ड के जरिए भूमि के वारिस के बारे में आसानी से जाना जा सकेगा। जमीन की बिक्री पर उतना हिस्सा बेचने वाले के कार्ड से कम हो जायेगा। अभी तक इसमें कई माह या साल तक लग जाते हैं, लेकिन अब कुछ देर में ही दर्ज हो जायेंगी। आधार लिंक रजिस्ट्री तैयार होने से सरकार की सभी योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने में आसानी होगी।

## दो मोहर्रम को निकाला गया आलम जवानों ने की सीनाजनी

**कौशांबी।** दरियापुर मांझियाँवा में मजलिस के मोहर्रम के दूसरे दिन गरीब आलम की आशा खाने से एक अलंबारा मत किया गया जिसकी मजलिस चाइल्ड जुम्मा के पेश इमाम मौलाना जाहिद हुसैन ने पढ़ी मौलाना जाहिद हुसैन ने कहा कि हमें ऐसे किरदार को लोगों के सामने पेश करना है कि लोग काहे को जब इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के चाहने वालों का यह किरदार है तो इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम कैसे कह रहे होंगे उनका किरदार कितना बेहतर रहा होगा कितने हक पसंद और ईमान पर चलने वाले रहे होंगे। नोहा खान रेहान ने पढ़ा हाय अब्बास की बहनों ने पाई चादर। मोहम्मद ने पढ़ा तू अगर होता तो ऐसा नहीं होता गाजी। नैहा खान मेहदी, मोहम्मद, ने मिलकर पढ़ा अब्बास कहा हो मेरे अब्बास कहा हो इसके बाद नोहा पढ़ते हुए इमाम चौक तक गए और वहा जूलूस को समाप्त कर दिया।

## एकदिवसीय निरीक्षण में कौशांबी पहुंचे आईजी में विभिन्न विभागों का किया निरीक्षण

**कोखराज थाना पुलिस लाइन सहित विभिन्न स्थानों में पौधा रोपण कर आईजी जोन ने पर्यावरण का दिया संदेश**



**कोखराज कौशाम्बी।** जिले में पहुंचे आईजी प्रयागराज जोन प्रेम गौतम ने जनपद के वार्षिक निरीक्षण के दौरान पुलिस लाइन्स कौशाम्बी में परेड की सलामी ली तथा परेड का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान आईजी ने परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन किया एवं टोली वार ड्रिल व शस्त्राभ्यास की कार्यवाही करायी परेड के उपरान्त क्वार्टर गार्द पर सलामी ली गई तथा गार्द का निरीक्षण किया इसके बाद आईजी जोन ने कोखराज थाने का निरीक्षण किया जिसमें चौकीदारों को साफा व मिठाई वितरण किया और थाना परिसर में पौधा रोपड किया साथ मे रजिस्टर के रख रखाव सम्बन्धी जानकारी लिया एसओ कोखराज के कार्यों की सराहना की सस्त्र के रख रखाव की जानकारी ली तत्पश्चात पुलिस लाइन्स परिसर स्थित विभिन्न शाखाओं यातायात कार्यालय, प्रतिसार निरीक्षक कार्यालय, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, पुलिस कैंटीन, डायल 112 व जिला नियन्त्रण कक्ष ) का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । तदुपरान्त पुलिस लाइन्स के बैरक, पुलिस पारिवारिक आवास व जिम का निरीक्षण किया गया एवं पुलिस कर्मियों के मेस का निरीक्षण कर साफ-सफाई व भोजन की गुणवत्ता को चेक किया गया । शौंचालय स्नानागार का निरीक्षण कर सम्बन्धित को साफ-सफाई हेतु निर्देश दिए गए उन्होंने पुलिस लाइन्स परिसर में नवनिर्मित भवन का निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था को निर्धारित अवधि में मानक अनुरुप गुणवत्तापूर्ण कार्य करने हेतु निर्देशित किया पुलिस लाइन्स परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण को हरा-भरा बनाए रखने का संदेश दिया गया।

## सास बहू बेटा सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन



**करारी कौशांबी** कनैली बारा ब्लॉक के अंतर्गत मालीपुर महाराजगंज गांव में बेटा बहु सास सम्मेलन का आयोजन किया गया सास बहू बेटा सम्मेलन में उपस्थित लोगों ने बताया कि बहु सास का वह रिश्ता होता है कि जो मां और बेटी का होता है एएनएम दीपिका पांडे द्वारा बताया गया की बहू अपनी सास का इस तरीके से ख्याल रखें की जैसा कि अपने माता-पिता का ख्याल रखती हैं और अपनी सास को खान-पान टाइम से देने का प्रयास करें एएनएम दीपिका पांडे द्वारा बताया गया कि सास अपनी बहु के प्रति इस तरहा ख्याल रखें की आपकी बेटी है बहू अगर गर्भवती है तो उसके खान पान टीकाकरण और टाइम से जांच करने के निर्देश दिए गए है कौशांबी ब्लॉक के अंतर्गत मालीपुर महाराजगंज गांव में डाक्टर सीएचओ एएनएम दीपिका पांडे आशा संगिनी सबिता की अध्यक्षता में आशा तौफिका बीबी आशा नाहिद बीबी आशा सबाना बेगम आशा किरन आंगनवाड़ी सुमती देवी आदि आशाएं और पदाधिकारी सास बहू बेटा सम्मेलन में मौजूद रहे।

## डा. सन्तराम ने जिला कृषि अधिकारी के पद पर ग्रहण किया कार्यभार



**कौशाम्बी** जिला कृषि अधिकारी का स्थानांतरण हो गया है उनके स्थान पर नए जिला कृषि अधिकारी ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है दोनों के स्वागत में कार्यक्रम आयोजित किया गया है डा० सन्तराम, जिला कृषि अधिकारी ने कौशाम्बी पहुँच कर जिला कृषि अधिकारी के पद पर 8 जुलाई को प्रभार ग्रहण कर लिया गया है। मनोज कुमार गौतम पूर्व जिला कृषि अधिकारी कौशाम्बी का स्थानान्तरण भूमि संरक्षण अधिकारी बॉदा के पद पर हुआ है। नवागंतुक जिला कृषि अधिकारी पूर्व जिला कृषि अधिकारी के सम्मान विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उप कृषि निदेशक, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, सहायक निबन्धक सहकारिता एवं अपर जिला कृषि अधिकारी सहित कृषि विभाग व अन्य विभागों के कर्मचारी एव जनपद के थोक फुटकर उर्वरक विक्रेताओं ने नवागंतुक जिला कृषि अधिकारी का स्वागत व पूर्व जिला कृषि अधिकारी कौशाम्बी को भावभीनी विदाई दी।

## नव-नियुक्त लेखपालों को 10 जुलाई को नियुक्ति-पत्र किया जायेगा वितरित

**कौशाम्बी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा आयोजित लेखपाल चयन परीक्षा-2022 के आधार पर लेखपाल पद के लिए चयनित एवं संस्तुत लेखपालों को दिनांक 10 जुलाई 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे लोकभवन, लखनऊ में आयोजित समारोह में नियुक्ति-पत्र वितरित किया जाना प्रस्तावित हैं। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जायेंगा। यह जानकारी अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अरूण कुमार गोंड ने देते हुए नव नियुक्त लेखपालों को दिनांक 10 जुलाई 2024 को प्रातः 10 बजे उदयन सभागार में नियुक्ति-पत्र का वितरण किया जायेंगा। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को नव-नियुक्त लेखपालों सहित सभागार में उपस्थित रहने के निर्देश दियें हैं।

## एक सप्ताह से ट्रांसफार्मर जल जाने से लोग परेशान

**कौशाम्बी।** करारी क्षेत्र के अर्का पावर हाउस क्षेत्र के अंडाहरा में विद्युत ट्रांसफार्मर फूक जाने के चलते भीषण गर्मी मे बिना बिजली के लोग परेशान है। अंडाहरा गांव में लोगों का कहना है की पिछले एक सप्ताह से विद्युत विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते मोहल्ले के सैकड़ों परिवार तेज गर्मी में बिना बिजली के रह रहे है। तथा कई बच्चे बीमार पड़े है। विद्युत विभाग के अधिकारियों को कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलता। अक्सर इस गांव में विद्युत से संबंधित समस्या बनी रहती है जिसको लेकर ग्रामीण शिकायत करते हैं लेकिन शिकायत दर्ज नहीं की जाती है ग्रामीण मामले से बहुत अक्रोर्षित है यदि मामले को संज्ञान नहीं लिया गया तो सैकड़ो परिवार जिला अधिकारी से मिलकर शिकायत भी कर सकते हैं।

## ग्रामीणों ने पाट दी नाली, पानी का रास्ता कर दिया बंद

**नगर पालिका प्रशासन ने जेसीबी से किया नाली साफ**

**हर्रायपुर कौशाम्बी** नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड न0 04 श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर (फरीदपुर) में ग्रामीणों द्वारा नाला पाट दिया गया था, जिससे पानी की निकासी न होने के कारण जल भराव हो गया। मौके पर नगर पालिका के कर्मचारी पाटे गये नाले को सफाई करने गये तो विवाद शुरू हो गया। नगर पालिका परिषद भरवारी ईओ की सूचना पर भरवारी पुलिस चौकी इंचार्ज अपने सिपाहियों के साथ मौके पर पहुँचे और पाटे गये नाले को जेसीबी द्वारा नाला की सफाई का कार्य कराया गया, जिससे जल भराव की स्थिति समाप्त हो गयी।इस दौरान मौके पर ईओ राम सिंह , चौकी इंचार्ज भरवारी, विकास बाबू सोनकर सभासद, राज बाबू सफाई नायक आदि लोग मौजूद रहे।

## रोडवेज चालक की बड़ी लापरवाही से कार हुई दुर्घटनाग्रस्त

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र में अनियंत्रित रोडवेज बस के चालक की लापरवाही से कार से टक्कर हो गई,हादसे में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई,जबकि कार सवार बाल बाल बच गए,घटना के बाद पहुंचे ग्रामीण और पुलिस ने कार सवार लोगो को कार से बाहर निकाला और जांच में जुट गई। रोडवेज बस चालकों की लापरवाही कम नहीं हो रही है लापरवाही पूर्वक रोडवेज बस चलाने वाले बस चालकों पर कठोर कार्रवाई किए जाने की जरूरत है वरना रोडवेज यात्रियों की जान पर हमेशा संकट मंडराता रहेगा सैनी कोतवाली क्षेत्र के सैनी बस स्टैंड के पास मंगलवार की शाम अचानक एक रोडवेज बस चालक गलत तरीके से मुख्य रोड पर पहुंचने की कोशिश कर रहा था जिससे कार में भिड़ंत हो गई, जिसमें कार सवार दो लोग बाल बाल बच गए वही मामले की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस छानबीन में जुटी है। सैनी थाना क्षेत्र के गुलामी पुर निवासी चाहत पुत्र स्वर्गीय संजय केसरवानी अपने साथी सोहेल के साथ अपनी कार से सैनी से अपने घर गुलामी पुर जा रहे थे, इस दौरान अचानक बस स्टॉप से यात्रियों को बिठाकर प्रयागराज की तरफ जा रही रोडवेज बस चालक की लापरवाही से भिडंत हो गई ईश्वर का सहयोग अच्छा था वरना रोडवेज बस के यात्री भी गंभीर रूप से घायल हो जाते बड़ी घटनाएं होती हादसे में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई, गलीमत रही की कार सवार दोनों लोग बाल बाल बच गए है यात्रियों को भी मामूली झटका लगा है बड़ी घटना नहीं हुई है लेकिन रोडवेज चालकों की इस लापरवाही पर उन्हें दंडित किए जाने की जरूरत है जिससे आगे बड़ी घटनाएं न हो सके वही जानकारी पर पहुंची सैनी थाना पुलिस घटना की जानबीन में जुट गई है।

## पैनल अधिवक्ता के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित

**कौशाम्बी** उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार गरीब, निर्धन, असहाय व्यक्तियों, कारागार में निरूद्ध बन्दियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (निःशुल्क और सक्षम विधि सेवायें विनियम-2010) के अन्तर्गत पैनल अधिवक्ता के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। जिसका साक्षात्कार दिनांक 09, 10 एवं 11 जुलाई 2024 को सांय 04:30 बजे से किया जाना सुनिश्चत किया गया है। यह जानकारी अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूर्णिमा प्रांजल ने देते हुए बताया कि साक्षात्कार समिति के अध्यक्ष, अपर जनपद न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट श्री अशोक कुमार श्रीवास्तव के दिनांक 10 जुलाई को अवकाश में होने के कारण 10 जुलाई को आयोजित होने वाला साक्षात्कार स्थगित किया जाता है। जिन आवेदकगणों को दूरभाष द्वारा दिनांक 10 जुलाई को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है, उनका साक्षात्कार अब दिनांक 12 जुलाई 2024 को समय 04:30 बजे से आयोजित किया जायेंगा। उन्होंने आवेदकगण को सूचित किया है कि अपने समस्त मूल योग्यता प्रमाण पत्र व उ०प्र० बार काउन्सिल द्वारा जारी मूल पंजीयन प्रमाण-पत्र व परिचय पत्र के साथ नियत तिथि एवं स्थान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंझनपुर के कार्यालय में उपस्थित हों।

### कूलर की करेंट की जद में आए युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम नम आंखों से युवक का कर दिया अंतिम संस्कार



**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली क्षेत्र के वार्ड नंबर तीन अंबेडकर नगर सिराथू में सोमवार की रात कूलर ठीक करते समय युवक करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहरा मच गया। सिराथू कस्बा निवासी 25 वर्षीय प्रणय शर्मा उर्फ हनी पुत्र प्रमोद कुमार शर्मा सोमवार की रात कूलर बिगड़ने के बाद उसे ठीक कर रहा था। हालांकि जिस वक्त वह कूलर का तार जोड़ रहा था, उस समय बिजली चली गई थी। बताते हैं कि तार जोड़ते समय अचानक आपूर्ति चालू हो गई, जिससे वह कूलर के तार से चिपक गया। युवक की चीख सुनकर परिजन भागकर मौके पर पहुंचे। आनन-फानन उसे सीएचसी सिराथू ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों की सूचना पर पहुंची सिराथू चौकी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया मंगलवार दोपहर बाद परिजनों ने नम आंखों से युवक का अंतिम संस्कार कर दिया है युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### भरवारी ईओ ने चलाया पॉलीथिन चेकिंग अभियान




**हर्रायपुर कौशाम्बी।** भरवारी नगर पालिका परिषद के मूरतगंज चौराहा में ईओ रामसिंह व लिपिक बब्लू गौतम द्वारा मूरतगंज चौकी के हमराही ऋषि को साथ ले कर दुकान दुकान जाकर पालीथीन चेकिंग अभियान चलाया गया दुकानों में नियम से गलत पाई गई पॉलिथीन को जप्त किया गया और कार्यवाही की गई है दुकानदारों को चेतावनी दी गई है कि वह सरकार द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार ही पॉलिथीन का प्रयोग करें गलत पाए जाने पर उन पर कार्यवाही की जाएगी

## समस्याओं का निराकरण न हुआ तो भाकियू कार्यकर्ता प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे

**कौशाम्बी।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की मासिक बैठक ब्लाक अध्यक्ष पुष्पराज सिंह की अध्यक्षता से ब्लॉक परिसर सरसवॉ में की गई बैठक को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष डॉ एके दुबे ने बताया कि सेक्रेटरी प्रदीप चौहान ने अलवारा के शिवराम सरोज से विकास कार्यों की जानकारी मांगी थी और उनके जो 4 महीने से ज्यादा समय हो गया है लेकिन आज तक कागज उपलब्ध नहीं कराया गया जिसकी जानकारी खण्ड बिकास अधिकारी को भी दी गई पेंशन शौचालय का ऑनलाइन ब्लॉक में कागज जमा किया जाता है तो उसे यहां फीड ही नहीं किया जाता थाना पश्चिम शरीरा में तैनात एसआई राम अवध बिंद नाजायज तरीके से टहेरा गांव के लोगों को परेशान करते हैं चम्पहा अशोक कुमार एसआई किसानों को फावड़ा लेकर चलने पर पूछताछ और परेशान करते हैं इसी तरह चौकी प्रभारी जनार्दन सिंह बैरमपुर भी एक तरफा न्याय करते फिरते हैं अगर समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो कोई बड़ी घटना हो सकती है हिनौता ग्राम में जो चकमार्ग सुरेश कुमार एके दुबे के सामने है अधिकारी हीला हवाली कर रहे हैं अगर समय रहते इस समस्याओं का निराकरण न हुआ तो भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे क्योंकि हिनौता ग्राम के किसान 28 जून को मंझनपुर डाइट मैदान में बैठे थे तब एसडीएम से बातचीत हुई रवि करण सिंह के घर से गूलर के पेड़ तक खड़ंजा उखाड़ लिया गया ना नाली नही बनाई गई अगर नाली न बनने की वजह से पानी भरा रहता तो 8 महीने से गांव के अधिशासी अभियंता सामिल रहे हैं लेकिन आज तक कुछ नहीं किया गया ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने बताया कि पानी भर जाने की वजह से गंदगी बनी रहती है जिससे तमाम बीमारियां का अंदेशा है अगर इन सभी समस्याओं का निस्तारण समय से ना हुआ तो भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता 21जुलाई की मासिक बैठक में धरना प्रदर्शन करेंगे।

## उ०प्र० आम महोत्सव-2024 में प्रतिभाग करें बागवानी कृषक : जिला उद्यान अधिकारी

**कौशाम्बी।** जिला उद्यान अधिकारी अवधेश मिश्र द्वारा जनपद के सभी बागवानी कृषकों को सूचित किया है कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रादेशिक उ०प्र० आम महोत्सव-2024, अवध शिल्प ग्राम, अवध विहार योजना, सेक्टर-9, अमर शहीद पथ, लखनऊ में दिनांक-12 जुलाई से 14 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है। जिसका उदघाटन मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ द्वारा दिनांक-12 जुलाई को प्रातः 11:00 बजे किया जायेगा एवं समापन व पुरस्कार वितरण माननीय उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह द्वारा दिनाँक 14 जुलाई को किया जायेगा। आम महोत्सव-2024 में जनपद के बागवानों की प्रतिभागिता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्रजातियों के आम प्रदर्शन भी लगाये जाने हैं। जनपद के आम उत्पादक किसानों से कहा कि अपने-अपने आम की प्रजातियों जैसे - दशहरी, लंगड़ा, चौसा, आम्रपाली, सफेदा, , हुस्नआरा, अरुणिका, अम्बिका एवं देशी इत्यादि को प्रर्दशनी में अवश्य लगाये और प्रतियोगिता में सम्मिलित होकर पुरस्कार प्राप्त करें। प्रदर्शन एक दिन पूर्व दिनांक-11 जुलाई को प्रातः 11:00 बजे तक प्रदर्शनी स्थल पर अवश्य लगा दिये जाये। उसी दिन सायं को उनका जजिंग कार्य भी किया जायेगा। इसलिये तिथि एवं समय का विशेष ध्यान रखे।साथ ही आम महोत्सव में जनपद के प्रतिभाग अथवा भ्रमण करने वाले कृषको के लिए बस कार्यालय, जिला उद्यान अधिकारी से दिनांक 13 जुलाई को प्रातः 6 बजे रवाना होगी। इच्छुक कृषक प्रमोद कुमार उद्यान निरीक्षक के मोबाइल संख्या 7007055899 में संपर्क कर सकते है।

### चौराहा पर अतिक्रमण को लेकर अधिशाषी अधिकारी सख्त

**कौशांबी** करारी नगर पंचायत के चौराहों पे फैले अतिक्रमण को लेकर ज़िला अधिकारी ने मामले में संज्ञान लेते हुए करारी कस्बा अधिशाषी अधिकारी अजय कुमार निषाद को त्वारित अतिक्रमण फैलाए दुकान दारों को चिन्हित करने के निर्देश दिए। अधिशाषी अधिकारी ने पालन करते हुए करारी कस्बा इंचार्ज धर्मेंद्र कुमार वर्मा के साथ मौके पर पहुंच कर ऑटो रिक्शा चालकों को से अपील कर कहा की चौराहा पे किसी प्रकार का अतिक्रमण न फैलाए नही तो उचित कार्रवाई होगी। वही दुकान दारों को भी हिदायत दी गई है यदि सड़कों पर फैलाए अतिक्रमण को नही हटाया तो उचित कार्रवाई की जाएंगी।

## संपादक की कलम से

# राजनीति को मानवीय बनाते राहुल

ऐसे वक्त में जब भारतीय राजनीति में नफरत और हिंसा का बोलबाला है, राहुल गांधी एक बार फिर से मणिपुर में हैं। यह वही मणिपुर है जोि छले तकरीबन डेढ़ साल से बारूद के ढेर पर बैठा है। मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जारी सशस्त्र संघर्षों के चलते इस दौरान बड़ी संख्या में दोनों ओर के लोगों की जानें गई हैं। हालांकि मरने वालों और उत्पीड़न के ज्यादा शिकार कुकी हुए हैं। बता दें कि ये दोनों ही आदिवासी समुदाय हैं। फर्क इतना ही है कि मैतेई हिन्दू हैं जबकि कुकियों ने सदियों हले ईसाईयत अ ना ली है। मैतेइयों की नाराजगी का कारण यह है कि कुकी आरक्षण के हकदार हैं और वे इससे वंचित हैं। इसके अलावा देश में उनकी जनसंख्या लगभग 64 प्रतिशत है जबकि राज्य के केवल 10 तिशत भूभाग र ही उनका आधि त्य है पिछले वर्ष मई के महीने में वहां जो कुछ हुआ उसने न केवल देश बल्कि सम् ूर्ण विश्व को स्तब्ध करके रख दिया था। भारतीय जनता टीं की सरकार के श्रय एवं ध्रुवीकरण की राजनीति के चलते कुकियों र हमले तेज हुए। उस समुदाय की दो युवतियों को निर्वस्त्र कर उनकी रेड कराई और उनके साथ बदसलूकी की। इस शर्मनाक घटना को भाज ा की सरकार ने लम्बे समय तक छि ाकर रखा, जिसके मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह हैं। कुछ स्थानीय दलों के साथ बनी यहां की भाज ा सरकार जातीय दंगों को रोकने में ूरी तरह से नाकाम ही रही। कुकी महिलाओं के साथ हुए दुर्व्यवहार का वीडियो जब तीन महीने बाद सामने आया, तो लोगों के दिल दहल गये।

इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसकी ओर से आंखें मूंद लीं। वे ही नहीं, पूरी केन्द्र सरकार ने इसे लेकर लम्बा मौन व्रत ाला। तब तक यह बात भी सामने आई कि जातीय झड़पों में 60 हजार से अधिक लोग विस्थापित हुए, 1000 से ज्यादा घायल हुए और 220 से अधिक लोग मारे गये हैं। करीब 5000 घरों में आग लगा दी गई। हालांकि यह मामला मोदी, उनके मुख्य सि हसालार केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत पूरी केन्द्र सरकार को मालूम था लेकिन किसी ने चूं तक न की। वीडियो का स्वतः संज्ञान सुप्रीम कोर्ट ने लेते हुए केन्द्र सरकार को चेताया कि अगर वह कुछ नहीं करती तो अदालत कोई कदम उठायेगी। इससे हिली सरकार में कुछ हलचल हुई। नये संसद भवन के उद्घाटन अवसर पर हुए सत्र के हले मोदी ने त्रकारों से इस विषय पर संक्षिप्त चर्चा की। उन्होंने बताया कि इस घटना से वे बहुत व्यथित हैं। वैसे यह मामला कई देशों की संसद में भी उठा लेकिन भारतीय संसद में इस पर कभी भी विस्तृत बहस नहीं हुई। प्रधानमंत्री नें छले साल जब अमेरिका का दौरा किया तब पहले तो वे वहां अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ किसी संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस के लिये राजी नहीं हुए परन्तु जब आखिरकार उन्हें ऐसा करना ही पड़ा तो जो सवाल मीडिया से आया वह भारत में लोकतंत्र की बिगड़ती अवस्था को मिलाते हुए इसके बाबत ही था। उन्होंने इस पर तथ्यात्मक व तार्किक जवाब देने की बजाये वहां की मीडिया को लोकतंत्र का पाठ पढ़ाया और एक बार फिर से याद दिलाया कि 'भारत लोकतंत्र की जननी है। इधर मोदी के इशारों पर काम करने वाले लोकसभा स्पीकर ओम बिरला हों या राज्यसभा के सभा ति जगदी धनखड़, दोनों ने कभी भी विपक्ष को इस पर चर्चा की अनुमति नहीं दी।

मोदी ने कभी भी मणिपुर का रुख नहीं किया। उनके बारे में जुमला ही चल पड़ा कि 'वे 'म' से मटन, मछली, मंगलसूत्र, मुसलमान सब जानते हैं रन्तु 'मणिपुर का मर्ज नहीं जानते। ऐसा इसलिये क्योंकि इस डेढ़ साल में उन्होंने मणिपुर का जिक्र तक नहीं किया। यहां तक कि भाजपा की मातृसंस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने 2023 की विजयादशमी पर दिये अपने भाषण में कहा था कि ूरी सरकार, खासकर अमित शाह को मणिपुर में जाकर बैठना चाहिये और स्थिति को शांत करना चाहिये, उनके कहे का वैसा कोई असर नहीं हुआ। शाह कुछेक दिनों के लिये वहां जरूर गये लेकिन मोदी ने वहां जाने की न तो हिम्मत की और न ही जरूरत समझी। अलबत्ता, लोकसभा चुनावों के हले जब मोदी कई अखबारों एवं टीवी चैनलों में साक्षात्कारों की श्रृंखला चला रहे थे तब एकाध समाचार त्र के लिये किये गये इंटरव्यू में उन्होंने इस बाबत ूछे सवाल का जवाब देते हुए कहा था कि 'उनकी सरकार ने इस मामले को बहुत संवेदनशीलता के साथ सम्हाला है वरना स्थिति और भी गम्भीर होती।' यह लगभग वही भाषा थी जैसी बीरेन सिंह ने कही थी कि 'मणि ुर में इतनी घटनाएं हुई हैं कि सब र मामले दर्ज नहीं किये जा सकते।'

अब राहुल की यह तीसरी मणिपुर यात्रा है- हिंसा भड़कने के बाद से। जब वहां दोनों ओर से काफी लोग हताहत हुए तब वे वहां तीन दिनों तक रहे थे। उन्होंने दोनों क्षपों के लोगों से बात कर उनके घावों पर मरहम लगाने की कोशिश की। इतना ही नहीं, उन्होंने अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा (14 जनवरी, 2024) की शुरूआत भी वहीं से की थी। भाजपा की विभाजनकारी नीति से आहत मणिपुर में राहुल का होना राजनीति को संवेदनशील व मानवीय बनाना है, न कि सियासी लाभ उठाने की कोशिश करना क्योंकि राज्य की दोनों लोकसभा सीटें कांग्रेस को पहले ही मिल चुकी हैं और विधानसभा चुनाव अब 2027 में होंगे।

# ऑफिस में दोस्त होना जरूरी है: विशेषज्ञ

ऑफिस में, सहकर्मियों के साथ दोस्ती हो सकती है या नहीं, यह सवाल मनोविज्ञान के लिए जरूरी रहा है. जिस तरह दुनिया में अकेलापन बढ़ रहा है, उससे इस सवाल का जवाब खोजा जाना जरूरी हो गया है

**ऑफिस में दोस्त होना जरूरी है: विशेषज्ञ**

ऑफिस में, सहकर्मियों के साथ दोस्ती हो सकती है या नहीं, यह सवाल मनोविज्ञान के लिए जरूरी रहा है. जिस तरह दुनिया में अकेलापन बढ़ रहा है, उससे इस सवाल का जवाब खोजा जाना जरूरी हो गया है.

डेटिंग ऐप कंपनी हिंज में काम करने वाले लोग हर महीने दो बार टीम मीटिंग के लिए जमा होते हैं. लेकिन मीटिंग के शुरूआती 30 मिनट में वे केवल बातें करते हैं. सब लोग एक-दूसरे से अपनी उम्मीदें और चिंताएं साझा करते हैं. बताते हैं कि क्या अच्छा हुआ, किस बात से उन्हें चिंता हुई और किसके लिए वे आभारी हैं.

हिंज के सीईओ जस्टिन मैक्लॉयड ने ह्यसाउथ बाय साउथवेस्ट कॉन्फ्रेंसह्य में बताया कि "लोगों को जोड़ने का काम करने वाली कंपनी में भी, दफ्तर के भीतर एक-दूसरे से रिश्ते बनाना मुश्किल होता है."

अमेरिका के सर्जन जनरल विवेक मूर्ति ने पिछले साल इसे 'अकेलापन महामारी' कहा था. एक रिपोर्ट के अनुसार, 2020 में अमेरिका के लगभग 60 प्रतिशत वयस्कों ने कहा था कि वे अकेलेपन की समस्या से जूझ रहे हैं. यह संख्या कोविड-19 महामारी के दौरान और भी बढ़ गई.

**महामारी बना अकेलापन**

अकेलापन केवल अमेरिका तक सीमित नहीं है. विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की एक रिपोर्ट में पाया गया कि अकेलापन और सामाजिक अलगाव दुनिया भर में बढ़ रहे हैं, खासकर बुजुर्गों में. 2021 में, ब्रिटेन में एक सर्वेक्षण के अनुसार, 16-24 आयु वर्ग के लगभग 40 प्रतिशत युवाओं ने अत्यधिक अकेलापन महसूस किया

अकेलापन न केवल मानसिक स्वास्थ्य पर बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है. इससे दिल की बीमारियों, स्ट्रोक और समयपूर्व मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है. अध्ययनों से पता चलता है कि अकेलापन 15 सिगरेट प्रतिदिन पीने जितना ही हानिकारक हो सकता है. गैलप के एक सर्वेक्षण में दफ्तरों में काम करने वाले 30 प्रतिशत से अधिक लोगों ने कहा कि वे काम के दौरान अकेलापन महसूस करते हैं. रिमोट वर्क और हाइब्रिड वर्क मॉडल्स ने इस समस्या को और बढ़ा दिया है.

# अब हत्यारों के साथ 'डिनर पलटिक्स'


@ राकेश अचल

आज आप फिर शिकायत कर सकते हैं कि मेरे सिर से मोदी जी का भूत उसी तरह नहीं उतर रहा जिस तरह की मोदी जी कि सिर से कांग्रेस और राहुल गांधी का भूत नहीं उतरता, लेकिन हकीकत ये है कि आज मै मोदी जी की नहीं बल्कि उस भारतीय राजनीति और धर्म की बात कर रहा हूँ जिसके अपने मानवीय मूल्य हैं। प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी निजी तौर पर किसके साथ उठें - बैठें, खाएं -पियें किसी को कोई ऐतराज नहीं हो सकता लेकिन वे जब भारत के प्रतिनिधि के रूप में किसी के साथ 'डिनर पालटिक्स' करते हैं तो टीका-टिप्पणी करना बेहद जरूरी हो जाता है।

तीसरी बार अल्पमत की सरकार के मुखिया बनने के बाद मोदी जी हमारे पुराने मित्र रूस में हैं। ये वो रूस नहीं है जो नेहरू और इंदिरा गाँधी के जमाने में हुआ करता था। वो जमाना था जब हम सब 'मेरा जूता है जापानी, ये पतलून इंग्लिस्तानी, सर पर लाल टोपी रूसी, फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी' गीत फक्र के साथ गाते थे। आज का रूस पुराना वाला रूस नहीं है। आज का रूस लोकतान्त्रिक और समाजवादी मूल्यों वाला रूस नहीं है। आज का रूस हिंसक रूस है, आततायी रूस है, आज का रूस नर-संहार करने वाला रूस है। उस रूस के साथ हमारे देश के प्रधानमंत्री जी उस समय डिनर पलटिक्स करें, जब डिनर से ठीक पहले रूस यूक्रेन के कीव शहर में बच्चों के सबसे बड़े अस्पताल पर मिसाइल से हमला कर 24 लोगों को मौत के घाट उतार दिया, तो कुछ अजीब सा लगता है।

कार के पहिये के नीचे कुत्ते के पिल्ले का दबकर मरना और मिसाइल के हमले में दो दर्जन लोगों का मरना शायद एक जैसा होता हो किन्तु मुझे व्यक्तिगत रूप से ये कुछ वीभत्स लगता है। भारत की गांधीवादी सोच इस हिंसक सोच के साथ तालमेल नहीं बैठा सकती, लेकिन माननीय का 56 इंच का सीना है। वे सब कुछ कर सकते हैं। वे डिनर की टेबिल पर बैठकर पड़ौस में मिसाइल के हमले में मरे गए लोगों का चीत्कार शायद नहीं सुन सकते। सनातनी भाषा में कहें तो रूस पर हत्याओं का सूतक लगा हुआ है। ऐसे में रूसी पानी पीना भी गुनाह है। डिनर तो बहुत बड़ी बात है।

भारत और रूस के साथ 22वीं शिखर वार्ता हो रही है। खुशी की बात है। ये वार्ताएं लगातार होते रहना चाहिए, लेकिन इन वार्ताओं के बीच भी भारत यूक्रेन युद्ध में हो रहे नर संहार के चलते कम से कम डिनर पलटिक्स से तौबा कर सकता था। उपवास का बहाना बनाया जा सकता था, किन्तु कूटनीति में शायद ये सब आसान नहीं होता। माननीय भी आखिर इससे कैसे बच सकते थे ?.उनके लिए बिछी हुई लाशों का




कोई अर्थ नहीं है। फिर चाहे वे कीव में बिछी हों या हाथरस के पास किस गांव में या मणिपुर में, माननीय 'लाश-प्रूफ' नेता हैं।

ये सच है कि मै स्वर्गीय वेद प्रताप वैदिक जैसा विदेश नीति का जानकार नहीं हूँ, किन्तु मुझे गांधीवाद का थोड़ा-थोड़ा पता है। मै यदि माननीय की जगह होता तो शायद इस शिखर वार्ता में जाने का बहाना खोज लेता, या कहता कि जब रूस युद्ध से फारिग हो जाएगा तब वार्ता कर लेंगे, लेकिन हाय री किस्मत ! कि मै वो नहीं हो सकता जो माननीय हैं। निश्चित ही मै उन हालत में कोई डिनर-सिनर नहीं कर सकता जब की वातावरण में बारूदी गंध हो और पड़ौस में लाशों कि अम्बार लगे हों। आज का रूस कल का रूस नहीं है। आज का रूस भारतीय प्रधानमंत्री का भी उसी गर्मजोशी से स्वागत करता है जितना की चीन कि प्रधानमंत्री का। आज का रूस बदला हुआ रूस है। आज कि रूस के साथ कल के भारत की तरह हाथ नहीं मिलाया जा सकता। आज का रूस, आज के भारत कि साथ हाथ मिला रहा है। आज के रूस के नेताओं की और भारत कि नेताओं की रुचियाँ, प्रवृत्तियां एक जैसी हैं। रूस के राष्ट्रपति माननीय पुतिन जिस तरह से सत्ता पर काबिज हैं उसी तरह से हमारे माननीय भी सत्ता पर काबिज हैं। देश की जनता ने उन्हें सत्ता में रहने का जनादेश नहीं दिया है लेकिन वे बैशाखियों कि सहारे सत्ता में हैं इसलिए उन्हें हक है कि वे किसी भी पड़ौसी या दूसरे देश के साथ जैसा चाहें व्यवहार करें। हमें उनकी हर विदेश यात्रा की कामयाबी की कामना करना ही पड़ेगी, अन्यथा हमारे ऊपर कोई भी लांछन लगाया जा सकता है। आप तय मानिये कि हम रूस के साथ भारत कि रिश्तों को लेकर हमेशा उत्सुक रहे हैं। हमारे रूस के साथ पुश्तैनी रिश्ते हैं, लेकिन आज रूस और भारत दोनों कि रिश्तों में पहले जैसी बात नहीं है। रूस भी पहले जैसा रूस नहीं है। आज के रूस का चरित्र चीन के विस्तारवादी चरित्र से मिलता जुलता है। रूस अमेरिका की तरह शक्ति - प्रदर्शन करने वाला देश है। उसका मानवाधिकारों से ज्यादा कुछ लेना-देना नहीं है। यदि होता तो उसकी मिसाइलें कम से कम कीव में बच्चों कि अस्पताल को तो बख्श देतीं।

मुझे नहीं लगता कि बैशाखियों के सहारे सरकार चला रहे हमारे माननीय यूक्रेन मुद्दे पर रूस से खुलकर बात कर पाएंगे। भारत यदि रूस को यूक्रेन पर हमला करने से रोक पाए तो मै भारत और रूस की डिनर पलटिक्स को कामयाब मानूंगा। अन्यथा रूस के साथ भारत कि कारोबारी रिश्ते तो पहले से हैं ही। हम रूस से हथियारों के साथ और न जाने क्या-क्या खरीदते और बेचते हैं। इससे हमारे रिश्तों में कुछ नयापन आने वाला नहीं है। मुश्किल ये है कि हम अपने देश में ही मानवाधिकारों की रक्षा नहीं कर पा रहे हैं ऐसे में रूस से किस मुंह से यूक्रेन पर हमला न करने के लिए कह सकते हैं ? हमारा मणिपुर आज भी जल रहा है। हमारा कश्मीर आज भी आतंकित है। वहां आज भी गोलियां चल रहीं है। बहरहाल हम एक भारतवासी होने के नाते उम्मीद करते हैं की हमारे माननीय अपनी रूस और आस्ट्रिया यात्रा से खाली हाथ वापस नहीं लौटेंगे। वे जिस तरह से रूसी मीडिया से मुखातिब हुए हैं स्वदेश लौटकर भारतीय मीडिया से भी मुखातिब होंगे। आगामी 23 जुलाई से शुरू होने वाली संसद को भी बताएँगे कि वे अपनी विदेश यात्राओं से क्या हासिल कर आये हैं?

# गुरुदत्त की फिल्में तिरस्कृत मानवीय संवेदनाओं की जीवंत अभिव्यक्ति हैं



- सुजाता मिश्र

गुरुदत्त का हिन्दी सिनेमा जगत में उदय तब हुआ जब भारतीय समाज में सिनेमा अपने लिये एक सम्मानजनक पहचान स्थापित करने का प्रयास ही कर रहा था। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि अपने शुरूआती दौर में सिनेमा को या सिनेकर्मियों को आम भारतीय में हेय दृष्टि से देखा जाता था कि अच्छे घर-परिवारों के लोग सिनेमा में काम नहीं करते। ऐसे दौर में 'प्यासा' और 'कागज के फूल' जैसी परिपक्व फिल्में बनाना जो आज भी मील का पत्थर हैं, गुरुदत्त की सिने दृष्टि की बहुत स्पष्ट परिचायक हैं।

जहां आमतौर पर हमारी हिंदी फिल्मों का नायक अपने पुरुषत्व को लबादे की तरह ओढ़ा दिखता है, उसका पहनावा, उसकी बॉडी, उसके संवाद, उसके एक्शन सब उफन-उफन कर उसकी मर्दानगी की मानसिक पुष्टि करते हैं, जिसका अवतरण ही फिल्म में नायिका या अन्य महिला पात्र की रक्षा करने हेतु हुआ हो ! उसमें भावनाओं से अधिक क्रोध का, आवेश का, आक्रोश का समावेश दिखता है। वहीं गुरुदत्त की फिल्मों की सबसे बड़ी खूबसूरती मुझे यह लगती है कि वे पुरुष मन के एक संवेदनशील,भावुक,नैतिक पक्ष को पर्दे पर रखती है, जो अपनी नायिका के मन को, मनोस्थिति को समझता है।जो संसार के, रिश्तों के छल, कपट से आहत होता है किंतु उसके आदर्श इतने ऊंचे है कि वो किसी के प्रति बैर भाव नहीं रखता अपितु संसार में घटते मानवीय मूल्यों से दुखी हो जाता है। 9 जुलाई,1925 को बेंगलुरु में जन्मे गुरुदत्त का हिन्दी सिनेमा जगत में उदय तब हुआ जब भारतीय समाज में सिनेमा अपने लिये एक सम्मानजनक पहचान स्थापित करने का प्रयास ही कर रहा था। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि अपने शुरूआती दौर में सिनेमा को या सिनेकर्मियों को आम भारतीय में हेय दृष्टि से देखा जाता था कि अच्छे घर-परिवारों के लोग सिनेमा में काम नहीं करते।


ऐसे दौर में 'प्यासा' और 'कागज के फूल' जैसी परिपक्व फिल्में बनाना जो आज भी मील का पत्थर हैं, गुरुदत्त की सिने दृष्टि की बहुत स्पष्ट परिचायक हैं। अभिनय हो या निर्देशन वो लीक से हटकर चलने वालों में से हैं।

'प्यासा' का विजय हो या 'कागज के फूल' का सुरेश,'चौदहवीं का चांद' का असलम हो या 'साहिब बीवी और गुलाम' का अतुल्य चक्रवर्ती, गुरुदत्त की फिल्मों में नायक के जीवन का संघर्ष, चिंताएं, चुनौतियां, उलझनें एक आम पुरुष के मन और जीवन का प्रतिबिम्ब हैं। उसकी लड़ाई किसी बड़े गुंडे, बदमाश या डॉन से नहीं, बल्कि पारिवारिक, सामाजिक जीवन में गहरे बैठती स्वार्थपरता से हैं। समाज के अमीर, पूंजीपति वर्ग के धन लोलुपता, अवसरवादिता, शोषण को मालिक और मजदूर के संघर्ष से इतर मानसिकता के स्तर पर व्याप्त संघर्ष को दिखाते हैं। जहां यह द्वन्द स्त्री-पुरुष के प्रेम संबंधों पर भी हावी है तो भाई-भाई के बीच पारिवारिक संबंधों पर भी। फिल्म 'प्यासा' में विजय की प्रेमिका मीना (माला सिन्हा) का शहर के रईस व्यापारी मिस्टर घोष से विवाह कर लेना क्योंकि उसे विश्वास है कि उसका गरीब, बेरोजगार शायर प्रेमी उसे कभी जीवन की सुख-सुविधाएं नहीं दे पायेगा। और फिर मीना के पति द्वारा विजय को मृत घोषित करवा उस की रचनाओं को छपवा लाखों का मुनाफा कमाना, जिस षड्यंत्र में खुद विजय के सगे भाई और दोस्त भी शामिल थे, जिन्होने मुनाफा कमाने के लिये जिंदा विजय को पहचानने से ही इंकार कर दिया! सब को धन चाहिये था, जिसके लिये विजय की शायरी की जरूरत थी, विजय की नहीं! रिश्तों के, समाज के इस दोगले-स्वार्थी रूप को देख विजय का संवेदनशील मन चीत्कार उठता है- 'ये दुनिया अगर मिल भी जाए तो क्या है?'

# संसद : खिलाड़ी बनते रेफरी

- राजेंद्र शर्मा

ओम बिड़ला ने स्पीकर के रूप में अपने पहले कार्यकाल में, अपने सत्तापक्ष का सक्रिय हिस्सा बने रहने का ही सबूत दिया था। सत्रहवीं लोकसभा के आखिरी सत्रों में उन्होंने विपक्षी सांसदों के थोक निष्कासन तथा विपक्षी सांसदों के भाषणों के अंश निकालने से लेकर संसद सदस्यता तक खत्म कराने और बिना समुचित चर्चा के ही विधेयक पारित कराने तक के रिकार्ड कायम किए थे।



यह अप्रत्याशित नहीं था कि इस बार के आम चुनाव में संविधान तथा संसदीय जनतंत्र के लिए खतरे को विपक्ष द्वारा मोदी सरकार के खिलाफ एक प्रमुख मुद्दा बनाए जाने के बाद, उल्लेखनीय रूप से बढ़ी हुई ताकत के उत्साह से भरा विपक्ष जब नयी लोकसभा के पहले सत्र में आया, संविधान की रक्षा का मुद्दा उसके साथ चला आया। इसकी अभिव्यक्ति विपक्षी इंडिया ब्लाक के अधिकांश सदस्यों द्वारा संविधान अपने हाथ में 'संविधान जिंदाबाद/ जय संविधान' के नारे भी लगे। बहरहाल, यह अप्रत्याशित था कि संविधान की इस दुहाई के मुकाबले में सत्तापक्ष की अपने संविधान के प्रति प्रतिश्रुत होने की सफाई, सत्तापक्ष की बैंचों की तरफ से तो सामने आयी ही, लोकसभा के अध्यक्ष के आसन से भी सामने आयी। और यह सफाई सामने आयी, स्पीकर ओम बिड़ला की 'जय संविधान' के विपक्षी सांसदों शपथ के साथ लगाए जा रहे नारे पर खीझ भरी प्रतिक्रिया के रूप में। पुनर्निर्वाचित कांग्रेस सांसद, शशि थरूर के शपथ लेने के बाद, जय संविधान का नारा लगाने पर, स्पीकर बिड़ला खुद को खासतौर पर विपक्षी सांसदों को यह याद दिलाने से रोक नहीं सके कि 'संविधान की ही तो शपथ ले रहे हैं'! अभिप्राय यह कि जय संविधान का नारा लगाने की तो कोई जरूरत ही नहीं थी।

इस पर विपक्षी बैंचों से जब आपत्ति की आवाज आयी और खासतौर पर कांग्रेस के दीपेंद्र हुड्डा ने स्पीकर से क्षमा मांगते हुए उन्हें याद दिलाया कि इस पर तो उन्हें आपत्ति नहीं होनी चाहिए, तो स्पीकर बिड़ला बाकायदा भड़क उठे। उन्होंने काफी गुस्से से हुड्डा को बाकायदा डांटते हुए कहा कि उन्हें यह बताने की कोशिश नहीं करें कि उन्हें किस पर आपत्ति होनी चाहिए, किस पर नहीं! प्रसंगवश यह बता दें कि दीपेंद्र हुड्डा, उम्र में हों न हों, संसद सदस्य के रूप में जरूर ओम बिड़ला से वरिष्ठ हैं।

स्पीकर बिड़ला की उक्त प्रतिक्रिया के सिलसिले में यह भी दर्ज किया जाना चाहिए कि यह शपथ ग्रहण के मौके पर, आधिकारिक शपथ के अतिरिक्त कोई नारा आदि लगाए जाने का न तो पहला मामला था और न ही इकलौता मामला। इसी बार, विशेष रूप से सत्ता पक्ष के सदस्यों द्वारा शपथ लेने के मौके पर, दूसरे कई नारे भी लगाए गए थे, जिनमें 'जय श्रीराम' से लेकर 'जय हिंदू राष्ट्र' तक के नारे शामिल थे, लेकिन स्पीकर को इन पर आपत्ति करना आवश्यक नहीं लगा था। यहां तक कि 'जय हिंदू राष्ट्र' जैसे आपत्तिजनक, संविधान विरोधी, राजनीतिक नारे पर भी उन्हें ऐतराज करना जरूरी नहीं लगा था। उन्हें ऐतराज हुआ तो सिर्फ 'जय संविधान' बोले जाने पर क्योंकि उनके विचार में संविधान के नाम पर शपथ लेते हुए, जय संविधान बोलना गैर-जरूरी था! खैर, यह मामला यहीं खत्म नहीं हुआ। बाद में लोकसभा स्पीकर ने सदन के काम-काज से संबंधित नियमों में ही संशोधन कर, शपथ के दौरान सदस्यों के आधिकारिक शपथ से इतर कुछ भी जोड़ने पर बाकायदा रोक ही लगा दी। विडंबना यह है कि इस रोक के जरिए, लोकसभा ने 'जय संविधान' को रोकने के चक्कर में, उन दूसरे नारों पर भी रोक लगा दी है, जिन पर उस समय स्पीकर को कोई आपत्ति नहीं हुई थी!

इस मामले में स्पीकर ओम बिड़ला के पक्षपात पर तो फिर भी यह तकनीकी बचाव पेश किया जा सकता है कि, उनकी आपत्ति शपथ ग्रहण की पवित्रता कम करने के कारण, ऐसे मौके पर दूसरी हर प्रकार की नारेबाजी पर थी और इसीलिए, अब ऐसे मौके पर तमाम नारेबाजी पर रोक लगायी भी गयी है, विपक्ष के ही नारों पर नहीं।

बहरहाल, स्पीकर के रूप में अपने पुनर्निर्वाचन और सत्तापक्ष तथा विपक्ष, दोनों के नेताओं द्वारा उन्हें स्पीकर के आसन तक पहुंचाए जाने आदि की औपचारिकताएं पूरी होने और सत्ता पक्ष तथा विपक्ष, दोनों के नेताओं द्वारा अपने-अपने तरीके से उन्हें चुने जाने के लिए बधाई देने के फौरन बाद, अपने वक्तव्य में ओम बिड़ला ने जिस तरह इमर्जेंसी के खिलाफ लंबी तकरीर कर डाली, उसकी पक्षधरता पर तो कोई तकनीकी पर्दा भी नहीं डाला जा सकता है।

मुद्दा यह नहीं है कि इमर्जेंसी के संबंध में ओम बिड़ला ने जो कहा, वह सही था या नहीं था या कितना सही था या सही नहीं था। मुद्दा यह भी नहीं है कि क्या स्पीकर के पद पर बैठे व्यक्ति को-जो जाहिर है कि सांसद होता है-इमर्जेंसी जैसे किसी राजनीतिक विषय पर टीका-टिप्पणी करने का कोई अधिकार है या ऐसा अधिकार ही नहीं है। मुद्दा यह है, जैसा कि अनेक विपक्षी नेताओं ने रेखांकित भी किया, जिनमें से कई इमर्जेंसी के विरोधी भी रहे हैं तथा अब भी हैं, स्पीकर चुने जाने के बाद इस पद को स्वीकार करने की औपचारिकताओं की पवित्रता से जुड़े मौके पर, प्रसंग के बिना ही स्पीकर का इमर्जेंसी जैसा राजनीतिक रूप से विवादित तथा विभाजनकारी मुद्दा उठाना, क्या संसद के अंदर एकता का जो वातावरण बन रहा था, उसे जान-बूझकर खराब करना और टकराव को न्यौतना ही नहीं था। हैरानी की बात नहीं है कि इसके बाद, इस दिन की बाकी कार्रवाई हंगामे की भेंट चढ़ गयी।

इस सिलसिले में यह याद दिलाने की जरूरत नहीं है कि अठारहवीं लोकसभा के इस पहले सत्र के शुरू होने से ठीक पहले अपने पारंपरिक वक्तव्य में प्रधानमंत्री ने, अगले दिन इमर्जेंसी के पचास साल पूरे हो जाने के बहाने से, आमतौर पर विपक्ष तथा खासतौर पर कांग्रेस को निशाना बनाने के लिए, जोर-शोर से इमर्जेंसी पर तलवार भांजी थी। और सत्र के आरंभ में राष्ट्रपति के अभिभाषण में भी, जोरों से इमर्जेंसी पर हमला बोला गया था। इन दो वक्तव्यों के बीच सेंडविच बना स्पीकर का इमर्जेंसी संबंधी विस्तृत बयान, जाहिर है कि उक्त दोनों बयानों का ही काम करने की कोशिश कर रहा था। जाहिर है कि यह कोशिश, मोदी राज में बढ़ती तानाशाही की आज की आलोचनाओं को, पचास साल पहले की इमर्जेंसी के हवालों से भोंथरा करने और समकालीन तानाशाही की आलोचना की आवाजों को बदनाम करने की ही कोशिश थी। क्या यह स्पीकर के अपनी रेफ्री की विशिष्ट भूमिका को भूलकर, सत्तापक्ष की ओर से खेलने लगने का ही एलान नहीं है।

हैरानी की बात नहीं है कि अठारहवीं लोकसभा के इस अति-संक्षिप्त सत्र में ही, स्पीकर के चुनाव के तुरंत बाद ही, उनके आचरण की निष्पक्षता पर सवाल भी उठ गये। विपक्ष के आधिकारिक नेता, राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बहस में अपने भावपूर्ण हस्तक्षेप में, स्पीकर से निष्पक्षता की अपेक्षा को भी रेखांकित किया और इसके विरोधी इशारे मिल रहे होने की ओर ध्यान भी खींचा। राहुल गांधी ने याद दिलाया कि किस तरह, चुने जाने के बाद, स्पीकर को उनके आसन तक छोड़े जाने के समय भी, स्पीकर का आचरण सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच, बराबरी का नजर नहीं आया। आसन तक छोड़े जाने के बाद, प्रधानमंत्री से हाथ मिलाते हुए, स्पीकर अतिरिक्त रूप से झुके हुए दिखाई दे रहे थे, जबकि विपक्ष के नेता से हाथ मिलाते हुए, ज्यादा तने हुए! स्पीकर ओम बिड़ला ने भी, तथ्यतः ऐसा होने को कबूल किया, हालांकि उन्होंने अपने इस आचरण को संस्कार और परंपरा की दलील देकर सही ठहराने की कोशिश की, कि बड़ों यानी अपने से ज्यादा उम्र के लोगों का झुककर आदर करना तो, उनके संस्कार में है। इस पर राहुल गांधी को उन्हें याद भी दिलाना पड़ा कि सदन में उनसे कोई बड़ा नहीं है, उन्हें किसी के सामने झुकने की जरूरत नहीं है। कहने की जरूरत नहीं है कि स्पीकर के पद पर बैठा व्यक्ति कम से कम अपने निर्णयों में, उम्र का लिहाज करने से भी संचालित नहीं हो सकता है। उस पर, जब स्पीकर ओम बिड़ला प्रधानमंत्री के लिए बड़े के विशेषण का प्रयोग करते हैं, तो वास्तव में वह सिर्फ आयु से बड़े की ओर ही नहीं, पद से बड़े की ओर भी इशारा कर रहे होते हैं। लेकिन, सत्ता पक्ष को बड़ा या ऊंचा और विपक्ष को छोटा या नीचा मानकर बरताव करना, क्या स्पीकर का अपनी निष्पक्षता का त्याग करना ही नहीं है।

ओम बिड़ला ने स्पीकर के रूप में अपने पहले कार्यकाल में, अपने सत्तापक्ष का सक्रिय हिस्सा बने रहने का ही सबूत दिया था। सत्रहवीं लोकसभा के आखिरी सत्रों में उन्होंने विपक्षी सांसदों के थोक निष्कासन तथा विपक्षी सांसदों के भाषणों के अंश निकालने से लेकर संसद सदस्यता तक खत्म कराने और बिना समुचित चर्चा के ही विधेयक पारित कराने तक के रिकार्ड कायम किए थे। मोदी राज ने इसके लिए ही उन्हें दोबारा स्पीकर का दायित्व देकर पुरस्कृत किया है।

# संचारी रोग नियंत्रण को ब्लाक स्तरीय बैठक में डीएम ने दिये निर्देश

## अच्छे से हो गांवों की साफ-सफाई

**अखंड भारत संदेश**



समीक्षा बैठक करते निर्देश देते डीएम।

**पहाड़ी/चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण के संचालन बाबत ब्लॉक स्तरीय बैठक प्रधानों के साथ पहाड़ी ब्लाक सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने प्रधानों से कहा कि गांव में बदलाव लाने को पहल करें। गांव को परिवार की भांति समझें, ताकि किसी भी रोग से ग्रामीणों को बचाया जा सके। गांव में फागिंग मशीन छिड़काव को न होने पर ग्राम निधि से खरीद लें।

मंगलवार को जिलाधिकारी ने ब्लॉक स्तर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी व बीडीओ से दवाओं की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। गांव की नालियों की सफाई, जल भराव रोकने, झाड़ियों की कटाई कराने को कहा। मुख्यमंत्री प्रत्येक वर्ष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाते हैं। दस्तक अभियान भी चल रहा है। आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां घर-घर जाकर दवा बांटती हैं। सभी लोग गांव में टीम भावना से कार्य करें, ताकि गांव के लोगों को स्वस्थ्य रखा जा सके। सीडीओ अमृतपाल कौर ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण को जिलाधिकारी ने नई पहल कर ब्लॉक स्तर पर जन जागरूकता बैठक कराई है।

जिले में पिछले वर्ष कई गांवों में बीमारियां फैली थीं। दवाओं का छिड़काव कराकर साफ-सफाई पर ध्यान दें। एंटी लारवा के छिड़काव को फागिंग मशीन की व्यवस्था गांव में होनी चाहिए। गर्भवती महिलाओं, बच्चों व वृद्धों पर विशेष ध्यान दिया जाये। सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने कहा कि संचारी रोग अभियान पहले जिला स्तर पर होता था। अब ब्लॉकों में बीडीओ की अध्यक्षता में होता है। इस बार जिलाधिकारी ने ब्लॉक स्तर पर प्रधानों की अध्यक्षता में प्रचार-प्रसार से करा रहे हैं। मुख्यमंत्री की ये महत्वपूर्ण योजना है। बीडीओ पहाड़ी दिनेश कुमार मिश्रा ने कहा कि गांवों में राजस्व गांव में रोस्टर बनाकर सफाई कर्मियों की टोली बनाकर साफ-सफाई कराई जा रही है। पिछले वर्ष कुचारम, बसंतपुर, चिल्लीमल व सुरसेन में बीमारियां फैली थी। वहां विशेष सफाई अभियान कराकर दवाओं का छिड़काव कराया जा रहा है। जिलाधिकारी, सीडीओ व सीएमओ ने ब्लॉक परिसर में पौधरोपण किया। बैठक में ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, सीबीओ डॉ सुभाष चंद्र, डीआईओएस संतोष कुमार मिश्रा, डीपीआरओ इंद्र नारायण सिंह, बीएसए बीके शर्मा, जिला मलेरिया अधिकारी लाल साहब, प्रभारी चिकित्साधिकारी पहाड़ी डॉ उदय प्रताप सिंह, पशु चिकित्साधिकारी वीरेंद्र सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी महेंद्र सिंह समेत पहाड़ी ब्लाक के ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारी तथा प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

# अरसे से एक आशियाना पाने को भटक रहा ग्रामीण

## प्रधान से लेकर उच्चाधिकारियों तक लगाई गुहार

**अखंड भारत संदेश**



आवास पाने को भटकता ग्रामीण।

**राजापुर/चित्रकूट।** डबल इंजन सरकार स्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय योजना को साकार करने को संकल्पित हैं, राजापुर तहसील क्षेत्र के नैनी गांव में आजादी के 74 साल बाद भी एक परिवार खुले आसमान के नीचे परिजनों समेत रहने को मजबूर हैं।

मंगलवार को मजबूर परिवार का खुलासा हुआ। बताया गया कि केंद्र व प्रदेश सरकार हर गरीब को पक्का घर देने का ढिंढोरा पीट रही है। राजापुर तहसील के नैनी गांव के पप्पू साहू पुत्र पन्नालाल साहू आज भी मिट्टी के जर्जर घर में खुले आसमान के नीचे परिजनों समेत रहने को मजबूर हैं। पप्पू साहू ने बताया कि 2014 से लगातार प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत प्रधान, ब्लाक पहाड़ी व जिले के उच्चाधिकारियों के समक्ष आवास की फरियाद कर चुका है। किसी भी अधिकारी ने उसे लाभार्थी नहीं बनाया। बारिश के दिनों में परिवार को सिर छिपाने की जगह नहीं है। पन्नी व छानी-छप्पर से परिवार समेत जीवनयापन कर रहा है। ऑनलाइन के नाम पर हजारों रुपये खर्च किये हैं। आज तक आवास नहीं मिला। गरीब होने से प्रधान समेत अन्य अधिकारियों को सुविधा शुल्क न देने से उसे आवास नहीं मिला। गांव में अपात्रों को सुविधा शुल्क लेकर आवास दिये गये हैं।



शिविर में योग सीखती महिलायें।

## महिला पतंजलि के योग शिविर का समापन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** महिला पतंजलि योग समिति के तीन दिवसीय निःशुल्क योग शिविर के समापन पर जल नीति, नेत्र नीति, कुंजन क्रिया, एक्यूप्रेशर, ध्यान-आसन, प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम बाबत जानकारी दी।

मंगलवार को महिला पतंजलि योग समिति ने समापन पर ज्योति जैन, माधुरी, सरोज जैन, नीलम जैन, भावना, कामना, मनीषा केसरवानी, अंजू अग्रवाल, सरिता, अमिता, मंजू अग्रवाल, ममता, शोभा, बेबी, मधु, सारिता, श्यामली, सोमेश, श्रुति समेत शिविर में तकरीबन एक सैकड़ा महिलायें शामिल हुईं। जिला प्रभारी मंजू केशरवानी ने बताया कि तीन दिवसीय निःशुल्क शिविर गोकुल श्याम सदन में हुआ। योगेश जैन व बहन ज्योति जैन ने अच्छा सहयोग किया। शिविर समापन पर वृक्षारोपण हुआ। कई पौधों को बहनों ने रोपित किया।

# आदिवासी बालक की मृत्यु पर परिजनों ने काटा हंगामा

### सीएचसी का नहीं है कोई पुरसाहाल

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगा जनरेटर जल्दी नहीं चलाया जाता। भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र मोहन शुक्ला ने आरोप लगाया कि मानिकपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बेडशीट गंदी रहती है। जनरेटर शोपीस बना है। तीमारदारों के पीने को ठंडा पानी नही है। ढेरो अव्यवस्थाओं के बीच सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र चल रहा है। कोई देखने वाला नहीं है।

## एसडीएम व कोतवाल के समझाने पर हुए शान्त

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानिकपुर में पांच वर्षीय बालक अर्पित का इलाज कराने आये चुरेह केसरुआ गांव के मजरा सुवरगढा की मृत्यु होने पर परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा काटा।

मंगलवार को सुवरगढा का गोरेलाल अपने पांच वर्षीय पुत्र अर्पित का इलाज कराने बीती शाम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आया था।



हंगामा काटते परिजनों को समझाती पुलिस।

डॉक्टरों के इलाज दौरान बालक की मृत्यु होने से डॉक्टरों पर परिजनों ने लापरवाही व गलत इलाज का आरोप लगाया। मामला बढ़ने पर मानिकपुर थाना प्रभारी व एसडीएम ने अस्पताल जाकर पीडित पक्ष को समझाया, तब पीडित पक्ष पोस्टमार्टम को तैयार हुआ। बालक के पिता गोरेलाल ने कहा कि सोमवार की रात साढ़े आठ बजे वह अर्पित के पेट मे दर्द होने से इलाज को सीएचसी मानिकपुर आया था। डॉक्टर के इंजेक्शन लगाने के बाद उसे आराम दिखाई दे रहा था। कुछ देर बाद दो नर्सों ने अर्पित को पुनः इंजेक्शन लगाया। उसके बाद तबियत बिगड़ने लगी। साढ़े दस बजे बालक की मृत्यु हो गयी। अर्पित की मृत्यु की जानकारी पर गांव के तमाम लोग अस्पताल में एकत्र हो गये। डॉक्टर पर गलत इलाज का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। आदिवासी नेता आशीष कोल को बुलाया। आशीष कोल सीएमओ को बुलाने व मामले की निष्पक्ष जांच को अड़ गये। हालात बिगड़ते देख मानिकपुर थाना प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला व एसडीएम पंकज वर्मा ने पहुंचकर सभी को समझा-बुझाकर बालक के पोस्टमार्टम को तैयार किया। मृतक अर्पित के पिता मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। तीन बच्चे भुक्कू (10), बच्चू (8) व अर्पित (5) थे। एक लड़की कोमल (2) है। तीसरे नंबर के अर्पित की मृत्यु हो गई है।

### रात नौ बजे सो जाते हैं सीएचसी कर्मी

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रात नौ बजे के बाद मौजूद स्टाफ अस्पताल में दरवाजा बंदकर चारपाई लगाकर आराम फरमाने लगते हैं। इस दौरान कोई हादसा ग्रस्त मरीज पहुंचता है तो ये लोग चारपाई पर लेटे-लेटे मरीज के परिजनों से बात करते हैं। भाजपा नेता राकेश कोल, विष्णु तिवारी, एजाज हसन सिद्दीकी, मो फारुख ने स्टाफ के इस रवैये की जांच कराने की मांग सीएमओ से की है।

# तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष की हत्या से बसपाई खफा, राष्ट्रपति सम्बोधित सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**




कलेक्टेट्रट में प्रदर्शन करते बसपाई।

**चित्रकूट।** बसपा ने पांच जुलाई को तमिलनाडु राज्य के प्रदेश अध्यक्ष के आर्मस्ट्रांग की हत्या के विरोध में राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा।

मंगलवार को बसपा जिलाध्यक्ष शिवबाबू वर्मा ने सौंपे ज्ञापन में कहा कि पांच जुलाई को बसपा के तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष आर्मस्ट्रांग की हत्या की सीबीसीआईडी से जांच कराई जाये। पीड़ित परिवार को एक करोड़ की मदद दी जाये। मृतक की पत्नी को तमिलनाडु सरकार राजपत्रित अधिकारी के बतौर नौकरी दे। परिवार को सुरक्षा दी जाये। सम्पूर्ण भारत में अनुसूचित जाति व जनजाति पर बढ रही उत्पीड़न की घटनाओं में प्रभावी रोकथाम को कानून बनाया जाये। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष जमुना प्रसाद पाल, कौशलेंद्र कुमार, पूर्व प्रधान नत्थू प्रसाद वर्मा, संतोष कुमार, राज बहादुर निषाद, बृजमोहन वर्मा, राजाराम वर्मा, शिव प्रसाद वर्मा, फूल कुमार वर्मा, राम भजन वर्मा, रामपाल भारती, राजेंद्र वर्मा, शिवपूजन सोनकर, छोटेलाल वर्मा, दशरथ प्रसाद, सोनपाल वर्मा, विनोद पाल, वीरेंद्र यादव, प्रिंस कुशवाहा, मदन कुशवाहा, राजकमल वर्मा, जिला उपाध्यक्ष शिवबाबू गर्ग, मोहम्मद नफीस खान, विक्रम वर्मा, गया प्रसाद सविता, सुखराज प्रजापति, कुलदीप पटेल आदि मौजूद रहे।

## मंत्री ने सर्किट हाउस देख किया वृक्षारोपण

### सर्किट हाउस को बनायें और सुन्दर

**अखंड भारत संदेश**



वृक्षारोपण करते मंत्री व डीएम आदि।

**चित्रकूट।** सूबे के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार पिछड़ा वर्ग कल्याण/दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग/जिले के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कुमार कश्यप ने देवांगना घाटी के पास निर्माणधीन सर्किट हाउस में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक तथा सीडीओ के साथ पौधारोपण कर निरीक्षण किया।मंगलवार को सर्किट हाउस निरीक्षण दौरान एक्सईएन भवन खंड निर्माण बांदा ने कहा कि निर्माण कार्य में रंगाई, पुताई, फिनिशिंग, फ्लोरिंग, पीसीसी, खिड़की, दरवाजा का कार्य चल रहा है। शासन से निर्धारित समय सीमा में सभी कार्य पूरे हो जायेंगे। प्रभारी मंत्री ने एक्सईएन को निर्देश दिये कि शासन से सर्किट हाउस निर्माण का मैप दिया था, उसी अनुसार निर्माण करायें। क्षेत्र का लुक अच्छा है, इसे और बेहतर बनायें। प्लान तैयार कराकर जिलाधिकारी के जरिये शासन को भेजें। निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, सीडीओ अमृतपाल कौर, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम ओम प्रकाश मिश्र, एक्सईएन लोनिवि प्रांतीय खंड सत्येंद्रनाथ, एक्सईएन लोनिवि भवन खंड बांदा समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# यातायात पुलिस ने ड्रिंक-ड्राइव जांचकर किया जुर्माना

## 183 वाहनों के ई-चालान से वसूले 508200

**अखंड भारत संदेश**



जांच करते यातायात प्रभारी।

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख में प्रभारी यातायात शैलेन्द्र सिंह ने कर्वी शहर के धनुष चैराहा में यातायात पुलिस के साथ वाहनों की जांच की। जांच में दोपहिया, चारपहिया, ट्रक, डम्फर आदि वाहनों की जांच हुई। दोपहिया वाहनों में बिना हेलमेट, तीन सवारी व नाबालिगों के वाहन चलाने तथा चारपहिया वाहनों में बिना सीटबेल्ट लगाये चालकों की जांच की।

सोमवार को देर शाम जांच दौरान ड्रिंक एण्ड ड्राइव कर गाड़ी चलाने वाले चालक की गाड़ी सीज की। एक अन्य चालक के शराब पीकर वाहन चलाने पर लाइसेंस निरस्त को पत्र भेजा। जांच दौरान 183 वाहनों से 508200 रुपये का ई-चालान किया। इसी क्रम में मंगलवार को टैक्ट्रर ट्राली में सवारी लेकर जाते पकडा है। ट्राली में श्रद्धालु जानबूझकर जान जोखिम में डालकर यात्रा करते हैं। उस पर जुर्माना किया है।

# मन्दाकिनी के जर्जर पुल को बनायें नया: विधायक

## पचास वर्ष पुराना पुल हादसे को दे रहा निमंत्रण

**अखंड भारत संदेश**



सदर विधायक अनिल प्रधान।

**चित्रकूट।** सपा से सदर विधायक अनिल प्रधान ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि जिला मुख्यालय स्थित मन्दाकिनी नदी पर पुल खासा जर्जर हो गया है। पुल का नया निर्माण कराया जाये, ताकि कोई हादसा न हो सके।

मंगलवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि जिला मुख्यालय स्थित मन्दाकिनी नदी पुल बने पचास साल से ज्यादा हो गये हैं। पुल खासा जर्जर हो गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण पुल का रख-रखाव सही ढंग से नहीं कर रहा। पुल के दोनों ओर बडे-बडे पेड उग आये हैं। बारिश में नदी का बहाव तेज होने से पुल गिरने का भय बना रहता है। पुल की हालत दिन-प्रतिदिन बद्तर होती जा रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग में संकरा पुल होने से दिन-रात छोटे-बडे व भारी वाहन चलते हैं। जाम की स्थिति भी बनी रहती है।

उन्होंने कहा कि पचास वर्ष पुराने पुल का निरीक्षण करने के आदेश मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिये थे। आज तक पुल की ओर किसी अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया। पुल का नया निर्माण कराया जाना जनहित में आवश्यक है।

# सीडीओ के जानवर संरक्षण के आदेश हुए हवा-हवाई

## भाकियू ने पंचायत कर सीडीओ को घेरा

**अखंड भारत संदेश**



ज्ञापन सौंपते किसान यूनियन के पदाधिकारिगण।

**चित्रकूट।** भाकियू की मासिक किसान पंचायत सदर ब्लॉक कर्वी, ब्लॉक पहाड़ी, ब्लॉक रामनगर, ब्लॉक मऊ में जिलाध्यक्ष राम सिंह राही की अगुवाई में सैकड़ों किसानों ने बीडीओ मऊ को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने कहा कि सीडीओ अमृतपाल कौर ने किसानों को भरोसा दिया था कि जुलाई तक सभी गौशालायें शुरू करा दी जायेंगी। सीडीओ के आदेश हवा-हवाई हो गये हैं। एक भी गौशाला नहीं चल रहीं।

मंगलवार को किसान पंचायत में भाकियू जिलाध्यक्ष ने कहा कि जानवरों के संरक्षण को किसान चिंतित हैं। जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने कहा कि दर्जनों गांव के किसानों ने बताया कि जानवरों का आतंक खेतों तक है। नया अभिशाप लाल मुंह के बन्दरों ने गांवो में तांडव मचा रखा है। बन्दरों का आतंक इस कदर है कि बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं का रहना दूभर है। ब्लॉक अध्यक्ष जसवंत सिंह चैहान ने कहा कि सरकार ढिंढोरा पीट रही है कि 24 घंटे बिजली दी जा रही है, ग्रामीण क्षेत्रों में अंधाधुंध कटौती हो रही है। कटौती का कोई समय निश्चित नही है। ब्लॉक अध्यक्ष नरेश सिंह ने कहा कि सिद्धपुर गांव समेत दर्जनों गांवों में पानी की समस्या है।

नल खराब है, दुरुस्त कराने को लेकर सचिव-प्रधान ध्यान नहीं दे रहे। जिला महामंत्री अरुण कुमार पांडेय ने कहा कि पशु पालन विभाग जानवरों को समय से टीकाकरण नहीं कराता। जानवर गलाघोटू बीमारी से मर रहे हैं। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष रमेशचंद्र पाठक, शत्रुघ्न सिंह, नीलकंठ द्विवेदी, तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, रामेश्वर सिंह, शिव सिंह, कमलेश, रामशरण राजपूत, बिजय सिंह, युवा बिंग जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह, मंत्री सिद्धार्थ विक्रम सिंह, राजकुमार पाण्डेय, सन्तगोपाल भारतीय, सन्तु यादव, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह समेत सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

## छेड़छाड़ के दो आरोपी को हुई एक-एक साल की सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह व पैरोकार आरिफ खान की पैरवी से न्यायालय ने छेड़छाड़ आरोपियों को एक-एक वर्ष की सजा व दस-दस हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया। मंगलवार को मॉनिटरिंग सेल प्रभारी श्रीप्रकाश यादव की टीम की पैरवी व विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो तेज प्रताप सिंह की प्रभावी बहस के चलते विशेष न्यायालय पॉक्सो कोर्ट श्रीमती रेनू मिश्रा ने भरतकूप थाने में दर्ज छेडछाड आरोपी छोटेलाल पुत्र महबूब, मुखलेश पुत्र चुनकौना मऊब को एक-एक वर्ष की सजा व दस-दस हजार रुपये जुर्माना से दंडित किया।ज्ञात है कि सात जुलाई 2022 को भरतकूप थाने में महिला ने रिपोर्ट लिखाई थी कि छोटेलाल व मुखलेश ने पुत्री को रास्ते में रोककर उससे छेड़छाड़ कर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने मामला दर्जकर दरोगा कृपानन्दन शर्मा ने विवेचना कर 22 जुलाई 2022 को न्यायालय में आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था।

### स्कूली वाहनों की जांच को समिति गठित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने समाचार पत्रों में छपी खबरों स्कूलों के 42 वाहन जांच में मिले अनफिट विषय पर कहा है कि जिले में 228 स्कूली वाहनों के सापेक्ष 42 वाहनों की फिटनेस नहीं है। कई स्कूलों के प्रबंधक समय से फिटनेस नहीं कराते। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने इस बाबत अपर जिलाधिकारी (विरा) की अध्यक्षता में जांच समिति गठित की है। मंगलवार को समिति में एडीएम एफआर अध्यक्ष, एसडीएम सदर, एआरटीओ, जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षाधिकारी सदस्य नामित किये गये हैं। जिलाधिकारी ने गठित जांच समिति को निर्देश दिये कि जिला स्तर पर संयुक्त अभियान चलाकर स्कूली वाहनों की फिटनेस, वाहन चालकों के लाइसेंस, स्कूली वाहनों में बच्चों के बैठने की निर्धारित क्षमता, वाहनों के दस्तावेजों व पंजीयन प्रमाण पत्र जांचने, बीमा प्रमाण पत्र, परमिट, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र व चालन अनुज्ञप्ति आदि की जांच करें। जांच बाद समिति संयुक्त हस्ताक्षरित आख्या एक सप्ताह में पेश करें।

### जुआरी को हुआ दो सौ जुर्माना

**अखंड भारत संदेश**


**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर विनोद कुमार शुक्ला व पैरोकार सुजीत यादव की पैरवी से न्यायालय ने जुआ अधिनियम के आरोपी को न्यायालय उठने तक की सजा व दो सौ रुपये जुर्माना से दंडित किया। मंगलवार को अभियोजन अधिकारी सिद्धार्थ सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायाधीश ग्राम न्यायालय मानिकपुर सुश्री खुशबू चन्द्रा ने मानिकपुर थाने में दर्ज जुआ अधिनियम के आरोपी सुनील सोनकर पुत्र रानू सोनकर इन्द्रानगर को न्यायालय उठने तक की सजा व दो सौ रूपये के जुर्माना से दंडित किया।

# पुतिन के साथ वार्ता में बोले पीएम मोदी– शांति बहाली के लिए भारत सहयोग करने को तैयार



**मॉस्को:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को मॉस्को में द्विपक्षीय वार्ता की. बैठक में दोनों नेताओं ने भारत-रूस के बीच मजूबत संबंधों पर चर्चा की. इस दौरान पीएम मोदी ने अपने दोस्त पुतिन का भव्य स्वागत और सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया. पीएम मोदी ने कहा, भारत में आम चुनाव में हमें अभूतपूर्व जीत मिली. उसके बाद आपने जो शुभकामनाएं दीं, उसके लिए भी मैं आभार व्यक्त करता हूं. मार्च में भी आपने चुनावों में शानदार जीत दर्ज की थी. मैं आपको एक बार फिर बधाई देता हूं। रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि शांति बहाली के लिए भारत हर तरह से सहयोग करने को तैयार है. मैं आपको और विश्व समुदाय को आश्वस्त करता हूं कि भारत शांति के पक्ष में है. कल अपने मित्र पुतिन को शांति के बारे में बात करते हुए सुनकर मुझे उम्मीद बंधी है. मैं अपने मीडिया मित्रों से कहना चाहूंगा- यह संभव है। मोदी ने कहा कि पिछले 40-50 सालों से भारत आतंकवाद का सामना कर रहा है. हम 40 सालों से देख रहे हैं कि आतंकवाद कितना भयानक और घिनौना है. इसलिए जब मॉस्को में आतंकी घटनाएं हुईं, जब दागिस्तान में आतंकी घटनाएं हुईं, तो मैं कल्पना कर सकता हूं कि इसका दर्द कितना गहरा होगा. मैं सभी तरह के आतंकवाद की कड़ी निंदा करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन से

# युद्ध के मैदान में कोई समाधान नहीं, यूक्रेन संघर्ष पर अमेरिका ने जताई चिंता



**नई दिल्ली:** भारत लगातार कहता रहा है कि यूक्रेन विवाद को सुलझाने के लिए बातचीत और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है, क्योंकि युद्ध के मैदान में इसका समाधान नहीं निकाला जा सकता. आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी तब दी, जब अमेरिका ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मास्को में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शिखर वार्ता से पहले पूर्वी यूरोपीय देश की स्थिति पर चिंता जताई।

सूत्रों ने कहा कि भारत ने हमेशा क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता सहित संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सम्मान करने का आह्वान किया है. उन्होंने कहा कि युद्ध के मैदान में कोई समाधान नहीं है और बातचीत और कूटनीति ही आगे बढ़ने का रास्ता है. मोदी-पुतिन वार्ता से पहले, अमेरिका ने भारत से रूस को यह स्पष्ट करने का आह्वान किया कि यूक्रेन संघर्ष के किसी भी समाधान में संयुक्त राष्ट्र चार्टर और यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान किया जाना चाहिए।

विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने वाशिंगटन में प्रधानमंत्री मोदी की मॉस्को यात्रा के बारे में पूछे जाने पर कहा कि 'भारत एक रणनीतिक साझेदार है, जिसके साथ हम पूर्ण और स्पष्ट बातचीत करते हैं. और इसमें रूस के साथ उनके संबंधों के बारे में हमारी चिंताएं भी शामिल हैं.'

अमेरिकी अधिकारी ने आगे कहा कि 'हम भारत से आग्रह करेंगे, जैसा कि हम किसी भी देश से करते हैं जब वह रूस के साथ बातचीत करता है, कि वह स्पष्ट करे कि यूक्रेन में संघर्ष का कोई भी समाधान ऐसा होना चाहिए, जो संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सम्मान करता हो, जो यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता, यूक्रेन की संप्रभुता का सम्मान करता हो.'।

मिलर ने कहा कि अमेरिका ने भारत के सामने नई दिल्ली के मास्को के साथ संबंधों के बारे में अपनी चिंताओं को स्पष्ट कर दिया है. उन्होंने कहा कि 'मैं प्रधानमंत्री मोदी की सार्वजनिक टिप्पणियों को देखूंगा कि उन्होंने किस बारे में बात की. लेकिन जैसा कि मैंने कहा, हमने रूस के साथ उनके संबंधों के बारे में अपनी चिंताओं को भारत के सामने स्पष्ट रूप से रख दिया है.'

मिलर ने कहा कि 'इसलिए हम उम्मीद करते हैं कि भारत और कोई भी अन्य देश, जब वे रूस के साथ बातचीत करेंगे, तो यह स्पष्ट कर देंगे कि रूस को संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सम्मान करना चाहिए, यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए.'

प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को रूस की दो दिवसीय हाई-प्रोफाइल यात्रा शुरू की, जिसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्रपति पुतिन के साथ 22वीं भारत-रूस शिखर वार्ता करना है. यूक्रेन पर मास्को के आक्रमण की शुरूआत के बाद से मोदी की यह पहली रूस यात्रा है. रूसी राष्ट्रपति ने सोमवार रात मास्को के बाहरी इलाके नोवो-ओगारेवो में अपने आवास पर भारतीय प्रधानमंत्री के लिए एक निजी रात्रिभोज का आयोजन किया.

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री की यात्रा का मुख्य उद्देश्य आर्थिक एजेंडे को आगे बढ़ाना है, खासकर ऊर्जा, व्यापार, विनिर्माण और उर्वरक के क्षेत्रों में. वार्ता में यूक्रेन में युद्ध का मुद्दा भी प्रमुखता से उठने वाला है. नई दिल्ली रूस के साथ अपनी 'विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी' का दृढ़ता से बचाव कर रही है और यूक्रेन संघर्ष के बावजूद संबंधों में गति बनाए रखी है।

भारत ने अभी तक यूक्रेन पर रूस के हमले की निंदा नहीं की है और लगातार बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के समाधान की वकालत की है. फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बाद से, मोदी ने पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के साथ कई बार टेलीफोन पर बातचीत की है।

# संयुक्त राष्ट्र ने कहा, गाजा के 90 प्रतिशत लोग हो चुके हैं विस्थापित



**संयुक्त राष्ट्र:** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि गाजा के 90 प्रतिशत लोग अपने घरों से विस्थापित हो चुके हैं, कुछ लोग तो कई बार विस्थापित हुए हैं. संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने सोमवार को कहा कि इजरायली सेना ने रविवार और सोमवार को गाजा में 19 ब्लॉकों में रहने वाले हजारों लोगों को तुरंत खाली करने का निर्देश दिया. सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया, रविवार को कुछ लोगों को पश्चिमी गाजा शहर में खाली करने का आदेश दिया गया था, जबकि सोमवार को डेर अल बलाह शिविर को खाली करने का निर्देश दिया गया। कार्यालय ने कहा कि गाजा में हर 10 में से नौ लोगों के विस्थापित होने का अनुमान है, विस्थापन की नई लहरें मुख्य रूप से उन लोगों को प्रभावित कर रही हैं, जो पहले भी कई बार विस्थापित हो चुके हैं, लेकिन फिर से उन्हें भागने के लिए मजबूर होना पड़ा है. उन्हें बार-बार अपना जीवन फिर से शुरू करने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

गाजा में लोग, खासकर बच्चे, हर दिन पानी इकट्ठा करने के लिए घंटों कतार में खड़े रहते हैं. आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच भी एक बड़ी चुनौती है. उत्तरी गाजा में, आंतरिक रूप से विस्थापित 80,000 लोगों के लिए कोई शिविर नहीं है, इन्हें जून के अंत में यहां आने के लिए मजबूर होना पड़ा. कई लोग ठोस कचरे और मलबे के बीच सोते हुए पाए गए, उनके पास गद्दे या कपड़े भी नहीं थे, और कुछ ने आंशिक रूप से नष्ट हो चुकी संयुक्त राष्ट्र सुविधाओं और आवासीय भवनों में आश्रय लिया था।

मानवीय मामलों के संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने कहा कि इजरायली सेना ने इन क्षेत्रों को निकासी क्षेत्र के रूप में नामित किया, जिससे पिछले दो हफ्तों में छोटे बच्चों और बुजुर्गों सहित कई परिवारों को विस्थापन की लहरों से गुजरना पड़ा. यहां मानवीय कार्यों को जारी रखने के लिए ईंधन और दूसरी चीजों की गंभीर कमी हो गई है, साथ ही गर्मी के कारण आपूर्ति (विशेष रूप से भोजन) के खराब होने और संक्रमण का जोखिम भी बढ़ गया है। गाजा में 18 बेकरी में से केवल सात ही चालू हैं, सभी देर अल बलाह में हैं, और पहले से ही आंशिक क्षमता पर काम कर रही छह बेकरी को अब ईंधन की कमी के कारण पूरी तरह से बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ा है. कार्यालय ने कहा कि खाना पकाने की गैस और खाद्य आपूर्ति की कमी के चलते सामुदायिक रसोई भी काम करने के लिए संघर्ष कर रही हैं. यहां पका हुआ भोजन मिलना मुश्किल हो गया है. विस्थापित परिवार खाना पकाने के लिए फर्नीचर और कचरे से लकड़ी और प्लास्टिक जलाने पर निर्भर हैं, जिससे स्वास्थ्य जोखिम और पर्यावरणीय खतरे बढ़ रहे हैं।

खाना पकाने के लिए, मानवीय एजेंसी ने कहा कि वे गेहूं का आटा और डिब्बाबंद भोजन वितरित कर रहे हैं लेकिन एरेज वेस्ट क्रॉसिंग बंद होने से अब इसमें भी बाधा आ रही है. संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन और संयुक्त राष्ट्र उपग्रह केंद्र द्वारा किए गए एक संयुक्त आकलन में अनुमान लगाया गया है कि गाजा की लगभग 57 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि और उसके एक तिहाई ग्रीनहाउस क्षतिग्रस्त हो गए हैं. स्थानीय बाजार में मांस और मुर्गी जैसे भोजन की भी भारी कमी है, स्थानीय रूप से उत्पादित कुछ सब्जियां ही सस्ती कीमतों पर उपलब्ध हैं.

## पीएम मोदी की रूस यात्रा पर जेलेंस्की 'बिदके', बोले- शांति प्रक्रिया को धक्का लगा



**नई दिल्ली :** यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस यात्रा की आलोचना की है. उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की इस यात्रा से शांति प्रक्रिया को धक्का लगेगा. जेलेंस्की ने कहा कि उन्हें बहुत ही निराशा हुई है. सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए जेलेंस्की ने इसका जिक्र किया। मंगलवार को मॉस्को में भारतीय प्रवासियों से बात करते हुए पीएम मोदी ने किसी भी हमले का जिक्र नहीं किया. उन्होंने भारत और रूस दोनों देशों के बीच संबंधों की प्रशंसा की. पीएम मोदी ने रूसी शहरों येकातेरिनबर्ग और कजान में दो नए वाणिज्य दूतावास खोलने की भी घोषणा की. उन्होंने कहा, "चाहे रूस में तापमान माइनस में हो, रूस-भारत की दोस्ती हमेशा प्लस में रही है. यह आपसी विश्वास और आपसी सम्मान की नींव पर बना रिश्ता है."। इससे पहले पीएम मोदी ने भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात की. उन्होंने दोनों देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों को याद किया. पीएम मोदी ने इस मौके पर मशहूर अभिनेता राज कपूर की फिल्म का गाना 'सिर पर लाल टोपी रूसी' भी गुनगुनाया । पीएम मोदी ने कहा कि आज के दिन मुझे शपथ लिए पूरा एक महीना हुआ है, मैंने आज यानी नौ जून को ही तीसरी बार पीएम पद की शपथ ली थी. उन्होंने कहा कि इस बार मैंने प्रण लिया है कि मैं तीन गुनी रफ्तार और तीन गुनी ताकत के साथ काम करूंगा।

## चीनी खतरों से बचाव के लिए ताइवान नए कामिकेज ड्रोन का बड़े पैमाने पर उत्पादन करेगा



**ताइपे:** ताइवान में चीन की दैनिक उकसावे वाली गतिविधियों के बीच, राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (टठऊ) ने घरेलू रूप से डिजाइन किए गए मानवरहित लड़ाकू हवाई वाहनों के बड़े पैमाने पर उत्पादन में निवेश करने का फैसला किया है. इसे 'कामिकेज ड्रोन' के रूप में भी जाना जाता है. ताइवान समाचार ने बताया कि यह कदम तब उठाया गया है जब मंत्रालय ने निर्धारित किया कि अमेरिका से खरीदे गए समान हथियारों की संख्या चीन द्वारा संभावित आक्रमण के खिलाफ पर्याप्त रूप से बचाव करने के लिए अपर्याप्त थी। 18 जून को अमेरिकी विदेश विभाग ने घोषणा की कि उसने ताइवान को 720 स्विचब्लेड 300 एंटी-पर्सनल और एंटी-आर्मर लोइटरिंग मिसाइल सिस्टम और 291 मानव रहित हवाई वाहनों की बिक्री को मंजूरी दे दी है. हालांकि, एक सैन्य स्रोत के अनुसार बढ़ते चीनी सैन्य खतरे के साथ एक आंतरिक मूल्यांकन ने निष्कर्ष निकाला है कि अमेरिका द्वारा प्रदान किए गए विभिन्न हमला करने वाले ड्रोन की संख्या अभी भी ताइवान की रक्षा जरूरतों के लिए अपर्याप्त है। इसलिए, ताइवान भी घरेलू रूप से डिजाइन किए गए हमलावर ड्रोन का बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू करके अपनी सैन्य क्षमताओं को बढ़ाएगा. एमएनडी ने अपने 2025 के बजट में टाइप-1 और टाइप-2 कामिकेज ड्रोन के उत्पादन के लिए धन शामिल करने की योजना बनाई है. इसके अलावा, समुद्री और हवाई युद्ध क्षमताओं को बढ़ाने के उद्देश्य से चिएन शियांग एंटी-रेडिएशन ड्रोन का बड़े पैमाने पर उत्पादन अगले साल पूरा होने की उम्मीद है. राष्ट्रीय चुंग-शान विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (एनसीएसआईएसटी) भी कथित तौर पर चिएन शियांग श्रृंखला के प्रदर्शन में सुधार पर काम कर रहा है। अपग्रेड वर्जन का उत्पादन छोटे बैचों में किए जाने और नियमित वार्षिक बजट में शामिल किए जाने की उम्मीद है. सूत्रों के अनुसार चिएन ह्सियांग ड्रोन दुश्मन के रडार स्टेशनों और जहाज पर लगे रडारों को निशाना बनाकर उन पर हमला कर सकते हैं, जबकि टाइप-1 और टाइप-2 ड्रोन मुख्य रूप से सैनिकों द्वारा कवच रोधी मिशनों के लिए उपयोग किए जाएंगे। नेशनल चुंग-शान इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एनसीएसआईएसटी) द्वारा विकसित टाइप-1 ड्रोन को व्यक्तिगत सैनिकों के लिए डिजाइन किया गया है. इसमें स्विचब्लेड 300 के समान विशिष्टताएं हैं. इसमें त्वरित तैनाती और आसान संचालन की विशेषताएं हैं. इसकी उड़ान का समय लगभग 15 मिनट है और गाइडेड कंट्रोल रेंज 10 किलोमीटर से अधिक है। टाइप-2 की उड़ान का समय टाइप-1 से अधिक है. टाइप-2 नजर से दूर अपने लक्ष्य को इमेजरी, इंफ्रारेड और माइक्रोवेव सिस्टम का उपयोग करके भेद सकता है. यह सिस्टम लचीले और मोबाइल लॉन्च तरीके प्रदान करता है, जिसमें झुंड हमलों के लिए मल्टी-लॉन्च डिवाइस शामिल हैं. इसे जहाजों या वाहनों पर लगाया जा सकता है।

## इजराइल और कनाडा कनाडा में शरणार्थियों के लिए शरण पाने के लिए काम कर रहे हैं

**तेल अवीव:** कनाडा के आव्रजन उप मंत्री, हरप्रीत एस कोचर इजराइल में एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं. यह प्रतीनिधिमंडल कनाडा और इजराइली आव्रजन अधिकारियों के बीच सहयोग और आपसी सीख को मजबूत करने के लिए काम कर रहा है. इसके साथ-साथ यह प्रतीनिधिमंडल इजराइल में वर्तमान में शरण चाहने वालों को कनाडा में शरण पाने की अनुमति देने के तरीके खोजने पर काम कर रहा है. बैठक में जिन मुद्दों पर चर्चा हुई, उनमें दोनों अधिकारियों के बीच एक स्थायी संवाद बनाना शामिल था जो दीर्घकालिक कार्य आधार और साथ मिलकर काम करने की अनुमति देगा. बता दें कि करीब एक महीने कनाडा ने घोषणा की थी कि वह युद्धग्रस्त फिलिस्तीनी क्षेत्र में रहने वाले कनाडाई लोगों के रिश्तेदारों के लिए एक विशेष कार्यक्रम के तहत 5,000 गाजा निवासियों को अस्थायी वीजा देगा, यह एक प्रारंभिक कदम है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## नेपाल : भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन में अब तक 80 की मौत, सौ से अधिक घायल

**काठमांडू।** नेपाल में इस वर्ष मॉनसून के सक्रिय होने के बाद हो रही भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन की चपेट में आकर अब तक 80 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 100 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इस दौरान 2000 से अधिक घरों के क्षतिग्रस्त होने से हजारों लोग बेघर हो गए हैं। गृह मंत्रालय के मुताबिक मॉनसून के सक्रिय होने के कारण इस बार कई स्थानों पर रिकार्ड ब्रेक बारिश हुई है। कुछ स्थानों पर पिछले चार दिनों से लगातार बारिश हो रही है, जिसके कारण बाढ़ आ गई है। बाढ़ का असर लगभग सभी प्रदेशों में दिख रहा है। मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि इस बार की बारिश बाढ़ और भूस्खलन की चपेट में अब तक 80 लोगों की मौत हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक काठमांडू में एक, कोशी प्रदेश में 19, मधेस प्रदेश में 3, बागमती प्रदेश में 4, गण्डकी प्रदेश में 22, लुम्बिनी प्रदेश में 20, कणार्ली प्रदेश में 4 और सुदूरपश्चिम प्रदेश में 7 लोगों की मौत हो चुकी है।

इसके अलावा काठमांडू में 5, कोशी प्रदेश में 25, मधेस प्रदेश में 9, बागमती प्रदेश में 7, गण्डकी प्रदेश में 32, लुम्बिनी प्रदेश में 13, कणार्ली प्रदेश में 19 और सुदूरपश्चिम प्रदेश में 31 लोगों के घायल होने की जानकारी गृह मंत्रालय द्वारा दी गई है। बाढ़ और भूस्खलन की चपेट में अब भी पांच लोगों के लापता होने की जानकारी देते हुए उनकी तलाश जारी रखने की बात कही गई है।

गृहमंत्रालय की तरफ से बताया गया है कि बाढ़ के कारण अब तक 2000 से अधिक घर पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं जबकि 161 घरों को आंशिक नुकसान पहुंचा हैं। भारी बारिश के कारण विभिन्न नदियों में बाढ़ आने के कारण छोटे बड़े 41 पुलों के टूटने की जानकारी भी दी गई है। बाढ़ से एक सरकारी विद्यालय का भवन और दो सरकारी कार्यालय का भवन भी क्षतिग्रस्त हो गया है। अब तक 384 पशुओं के बह जाने की जानकारी भी दी गई है।

## नेपाल में सरकारी कम्प्यूटर के जरिए सट्टेबाजी का खुलासा, दो गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल पुलिस ने एक सरकारी दफ्तर के कम्प्यूटर का प्रयोग कर सट्टेबाजी किए जाने के रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में आफिस के दो कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है।

नेपाल पुलिस की केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने एक क्रिप्टो कारोबारी की कुछ दिन पहले हुई गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में यह खुलासा किया कि सरकार की प्राविधिक तथा व्यावसायिक तालीम परिषद के मुख्यालय में सभी 64 कम्प्यूटर का प्रयोग कर सट्टेबाजी किया जा रहा है। सीआईबी प्रवक्ता एसपी हवीन्द्र बोगटी ने मीडियाकर्मियों को बताया कि जांच के दौरान यह पता लगा कि एक ही आईएसपी नम्बर से चल रहे कई कम्प्यूटर के जरिए सट्टेबाजी धड़ल्ले से जारी है। जब उस आईएसपी की जांच की गई तो पुलिस के होश उड़ गए।

बोगटी ने कहा कि जांच के दौरान जब उस आईएसपी का ठिकाना पता किया गया तो पता चला कि यह शिक्षा मंत्रालय के अन्तर्गत एक महत्वपूर्ण विभाग के कमप्यूटर का प्रयोग कर किया जा रहा है। पुलिस ने छापेमारी कर प्राविधिक तथा व्यावसायिक तालीम परिषद के सभी कम्प्यूटर को जब्त कर लिया। कई दिनों की जांच के बाद उसी सरकारी दफ्तर में कार्यरत दो कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया।

सीआईबी ने बताया कि सट्टेबाजी में संलिप्त इसी सरकारी दफ्तर के दो इंजीनियरों को गिरफ्तार किया गया है। राजेन्द्र तामांग और विश्वास गुरूंग के जिम्मे इस विभाग के सभी कमप्यूटर की रेखरेख की जिम्मेदारी थी। इन दोनों कर्मचारियों ने मिलकर सभी 64 कम्प्यूटर में क्रिप्टो कारोबार करने के लिए माइनिंग की थी। सीआईबी प्रवक्ता ने बताया कि आईपीएल से लेकर यूरो कप तक में सट्टेबाजी किया गया था।

## टिक-टॉक ने दिशा-निदेर्शों का उल्लंघन करने के कारण 20 मिलियन से अधिक पाकिस्तानी वीडियो हटाए




**इस्लामाबाद:** टिक-टॉक ने 2024 की पहली तिमाही के लिए अपनी सामुदायिक दिशा-निर्देश प्रवर्तन रिपोर्ट जारी की है. इस रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि उसने अपने सामुदायिक दिशा-निदेर्शों का उल्लंघन करने के कारण सिर्फ पाकिस्तान में 20.2 मिलियन वीडियो के विरुद्ध कार्रवाई की है. पाकिस्तान की एआरवाई न्यूज ने इस खबर की पुष्टि की है. प्लेटफॉर्म ने 2024 की जनवरी-मार्च अवधि के दौरान दुनिया भर में 66,997,307 वीडियो हटाए. जो सभी अपलोड की गई सामग्री का लगभग 0.9 प्रतिशत है। एआरवाई न्यूज के अनुसार, इनमें से अधिकांश निष्कासन स्वचालित पहचान तकनीकों के माध्यम से संभव हो पाए, जिनमें से काफी संख्या में वीडियो बाद में समीक्षा के बाद बहाल कर दिए गए. टिक-टॉक ने 2024 की पहली तिमाही में सामुदायिक दिशा-निर्देश प्रवर्तन रिपोर्ट के अनुसार, इनमें से एक बड़ा हिस्सा, 129,335,793 वीडियो, स्वचालित पहचान तकनीकों के माध्यम से पहचाने गए और हटाए गए, जबकि 6,042,287 वीडियो को आगे की समीक्षा के बाद बहाल कर दिया गया। टिक-टॉक ने अपने कंटेंट मॉडरेशन प्रयासों पर नया डेटा जारी करके पारदर्शिता बढ़ाने के लिए कदम उठाए हैं. पहली बार, प्लेटफॉर्म ने अपने सुरक्षा उपकरणों की ओर से हटाए गए और फिल्टर किए गए टिप्पणियों की संख्या का खुलासा किया है, जिससे पता चलता है कि 2024 की पहली तिमाही के दौरान लगभग 976,479,946 टिप्पणियां हटा दी गईं या फिल्टर कर दी गईं7 इसके अतिरिक्त, टिक-टॉक ने स्पैम खातों पर नकेल कसी है, स्वचालित स्पैम सामग्री के प्रसार को रोकने के उपायों को लागू किया है और अपनी सामग्री मॉडरेशन प्रथाओं में और सुधार किया है. उल्लेखनीय रूप से, दिशानिदेर्शों का उल्लंघन करने वाले लगभग 93.9 प्रतिशत वीडियो पोस्ट करने के 24 घंटों के भीतर हटा दिए गए थे, और तिमाही के लिए सक्रिय हटाने की दर वैश्विक स्तर पर 99.8 प्रतिशत रही. युवा उपयोगकताओं की सुरक्षा के वैश्विक प्रयास में, टिक-टॉक ने 13 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों से संबंधित होने का संदेह वाले 21,639,414 खातों को भी हटा दिया।

## खादी एवं ग्रामोद्योग का कारोबार पहली बार 1.55 लाख करोड़ रुपये के पार

**नई दिल्ली।** देश में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने नया रिकॉर्ड बनाया है। केवीआईसी का सालाना कारोबार बीते वित?त वर्ष 2023-24 में पहली बार 1.55 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। इस दौरान 10 लाख से अधिक रोजगार भी सृजित हुए हैं।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि केवीआईसी ने उत्पादन, बिक्री एवं नए रोजगार सृजन में नये कीर्तिमान स्थापित किए हैं। केवीआईसी के चेयरमैन मनोज कुमार ने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार वित?त वर्ष 2023-24 में केवीआईसी उत्पादों की बिक्री 1.55 लाख करोड़ रुपये को पार कर गई है।